दैनिक लोकप्रदेश

RNI NO. MPHIN/2016/69135

वर्ष-10 | अंक-29 | प्रातः कालीन हिन्दी दैनिक | भोपाल, शुक्रवार 6 फरवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-2 रुपये

# भोपाल का साइको-मैन पकड़ाया

## सागर में 5 छात्राओं को मार चुका कटर

**भोपाल।** भोपाल में तीन छात्राओं पर कटर से हमला करने वाला साइको मैन, पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। उसे बुधवार रात छोला इलाके में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी देवेंद्र अहिरवार सागर जिले का रहने वाला है। शुरुआती जांच में पता चला है कि पत्नी से झगड़ा होने के बाद उसने अपना गुस्सा निकालने के लिए एक बाद एक तीन छात्राओं को निशाना बनाया। उसने इससे पहले सागर में भी चार युवतियों को कटर मारकर घायल किया था। भोपाल पुलिस ने उस पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। क्राइम ब्रांच, अयोध्या नगर और पिपलानी थानों की 40 टीमें उसकी तलाश में लगी थीं। पुलिस ने शहर के हिस्ट्रीशीटर का डेटा निकालकर मैच करने की कोशिश भी की थी।

### पत्नी से विवाद के बाद महिलाओं से हुई नफरत; गिरफ्तार, 20 हजार का इनाम था


### 600 संदेहियों से पूछताछ

पुलिस ने आरोपी की तलाश में 900 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। इसमें बाइक का नंबर मिल गया। इसके आधार पर करीब 600 संदेहियों से पूछताछ की गई। आसपास के जिलों की पुलिस से भी संपर्क किया गया। बुधवार रात को आरोपी एक बार फिर वारदात की नीयत से निकला था। पुलिस पहले से सड़कों पर मुस्तैद थी। बाइक नंबर के आधार पर उसकी घेराबंदी कर ली गई। पीछा किया तो आरोपी देवेंद्र ने कोच फैक्ट्री के जंगलों की तरफ अयोध्या बाइपास से भागने का प्रयास किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरिद्वार में संत सम्मेलन को किया संबोधित

# भारत को हिंदुत्व पर गर्व है और हिंदुत्व ही राष्ट्रत्व है : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सनातन संस्कृति को नए आयाम तक पहुंचाने में आदि शंकराचार्य का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। मध्यप्रदेश की धरा से आदि शंकराचार्य जी का विशेष संबंध रहा है। वैचारिक स्तर पर भारत को हिंदुत्व पर गर्व है, हिंदुत्व ही राष्ट्रत्व है। सनातन की धारा शाश्वत रूप से बहती रहे, इस उद्देश्य से संतवृंद और सरकार समन्वित रूप से प्रयासरत है। हरिद्वार में समन्वय सेवा ट्रस्ट द्वारा स्थापित भारत माता मंदिर समाज और राष्ट्र में ऊर्जा का संचार कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को हरिद्वार में समन्वय सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित गुरुदेव समाधि मंदिर मूर्ति स्थापना समारोह के अंतर्गत संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योगगुरू स्वामी रामदेव जी के साथ किया योगाभ्यास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में योगगुरु स्वामी रामदेव जी के साथ योगाभ्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज भारत की प्राचीन परंपरा से निकलकर वैश्विक जन-आंदोलन बन चुका है। हम सभी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ, संतुलित व ऊर्जावान जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पतंजलि योगपीठ के वातावरण से प्रभावित होकर कहा कि योगपीठ का संस्कार, साधना और आत्मबल से परिपूर्ण वातावरण मन को अपार शांति प्रदान करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योगगुरु स्वामी रामदेव जी के साथ हरिद्वार में भारत माता मंदिर में दर्शन, पूजन और यज्ञ में शामिल होकर सभी के मंगल एवं कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को हरिद्वार में समन्वय सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित गुरुदेव समाधि मंदिर मूर्ति स्थापना समारोह के अंतर्गत संत सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### संत महात्माओं को दिया सिंहस्थ का निमंत्रण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आदि शंकराचार्य जी की परंपरा के संवाहक, वैदिक सनातन संस्कृति के उन्नायक, देश के प्रथम भारत माता मंदिर के संस्थापक पद्मभूषण स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार भव्य और दिव्य सिंहस्थ के आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं और विकास कार्यों पर ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी संत महात्माओं को सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन पधारने के लिए निमंत्रण दिया।

राज्यसभा में मोदी की स्पीच के दौरान विपक्ष का वॉकआउट-पीएम बोले-

# इनके वक्त डील का मतलब बोफोर्स था, आज डील गर्व का विषय

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दे रहे हैं। स्पीच के दौरान विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दिया जाए, तानाशाही नहीं चलेगी। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि खड़गेजी की उम्र देखते हुए उन्हें बैठकर नारे लगाने की इजाजत दी जाए। इसके बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। मोदी ने कहा कि इन लोगों को कभी न कभी जवाब देना होगा। कांग्रेस के पास न सोच थी, न विजन और न इच्छाशक्ति, इसका परिणाम देश को भुगतना पड़ा। पीएम बोले- टीएमसी, कांग्रेस, लेफ्ट, डीएमके दशकों से केंद्र में सत्ता का हिस्सा रहे। उनकी पहचान क्या बनी, उनके वक्त डील के नाम पर बोफोर्स याद आता है। आज डील की चर्चा गौरव से होती है। बुधवार शाम 5 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्ष की महिला सांसदों ने सत्ताधारी नेताओं की कुर्सियां घेर लीं। इनमें पीएम मोदी की कुर्सी भी थी। महिला सांसदों के हाथ में बड़े बैनर थे, जिन पर लिखा था- जो सही है, वो करो।



### कांग्रेस ने कांग्रेस के साथ विश्वासघात किया, हम 4 लाख करोड़ रुपए दे चुके

पीएम ने कहा कि ये लोग कितनी गलत बातें फैलाते थे। ये लोग अर्बन नक्सल की तरह लोगों कंपनी के बाहर मजदूरों को भड़काते थे। जब उनकी सरकार थे तब इनसे संभाला नहीं गया। हमने पीएसयू में भी रिफॉर्म किए, आज एलआईसी बेस्ट परफार्मेंस कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा- जिन पीएसयू को कांग्रेस ताले लगवाने वाली थी आज पीएसयू रिकॉर्ड प्रॉफिट पर हैं। वे मेक इन इंडिया को भी गति दे रहे हैं, रोजगार बना रहे हैं विश्व के साथ जुड़ रहे हैं। पीएसयू को देश और विदेश से बड़े बड़े ऑर्डर मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने विश्वासघात करने में किसानों को भी नहीं छोड़ा।

### कांग्रेस नेताओं के फोन पर बैंक अरबों रुपए लोन देते थे

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बैंकिंग सेक्टर एक प्रकार से अर्थव्यवस्था की धुरी होता है, 2014 से पहले फोन बैंकिंग होती थी, नेता के फोन जाते थे और फिर करोड़ों रुपए दिए जाते थे, गरीबों को बैंकों में धुत्कार मिलती थी। कांग्रेस के नेताओं के फोन पर अरबों रुपए दिए गए और जो ले जाते थे वो पर्सनल प्रॉपर्टी के मानकर हजम कर जाते थे। पीएम ने कहा- मैं जब नया नया पीएम बना तो एक देश के मुखिया से मिला तो उन्होंने बताया कि आप नए नए हो अपने बैंको की व्यवस्था का अध्ययन कर लीजिए।

### जिनकी सरकार शराब में डूबी, वो उपदेश दे रहे

पीएम मोदी ने कहा कि सत्ता पक्ष को कुछ करना नहीं है और यहां आकर उपदेश दे रहे हैं। एक सदस्य जिनकी सरकार शराब में डूब गई, जिनके शीशमहल घर-घर में नफरत का कारण बन गए। पता नहीं ब्लैक के साथ उनका क्या पुराना रिश्ता है ऐसे सभी साथियों से मैं कहूंगा, तुम कितना दुनिया को धोखा दोगे, आईना देख लिया तो अपनी सच्चाई कहां छिपाओगे। पीएम ने कहा- टीएमसी, कांग्रेस, लेफ्ट, डीएमके दशकों से केंद्र की सत्ता में रहे हैं, राज्यों में सत्ता में रहे हैं, लेकिन उनकी पहचान क्या बनी। आज डील की चर्चा गौरव से होती है तब डील के नाम पर बोफोर्स याद आता है इन्होंने सिर्फ जेब भरने का काम किया।

# आसाराम के आश्रम पर चलेगा बुलडोजर

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के मोटेरा में स्थित आसाराम का मुख्य आश्रम अब कानूनी विवादों में है। गुजरात हाईकोर्ट ने 45,000 वर्ग मीटर से अधिक की आश्रम की जमीन को राज्य सरकार के कब्जे में लेने और अवैध ढांचों को हटाने की मंजूरी दे दी है।इस आश्रम की जगह अब 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की है।गुजरात हाईकोर्ट की जस्टिस वैभवी नानावती ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को जमीन वापस लेने की अनुमति दी. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि विकास परियोजना की आवश्यकता और नियमों के उल्लंघन को देखते हुए सरकारी कार्रवाई उचित है. इस फैसले के बाद अहमदाबाद नगर निगम किसी भी समय अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर सकता है। मिली जानकारी के अनुसार मोटेरा स्थित आश्रम परिसर में करीब 32 अवैध यूनिट स्थापित की गई थीं।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जमीन वापस लेने का आदेश दिया, 500 करोड़ से ज्यादा है कीमत

3 बहनों के सुसाइड केस में खुलासा


# भारतीय नहीं, कोरियन लड़के थे पसंद, शादी करने की चाह...

गाजियाबाद, एजेंसी

गाजियाबाद में तीन सगी नाबालिग बहनों के सुसाइड मामले ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना थाना टीला मोड़ क्षेत्र स्थित भारत सिटी की है, जहां तीन बहनों ने नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए खुलासे सामने आ रहे हैं। पुलिस ने बताया कि लड़कियां किसी कोरियन लड़के से शादी करना चाहती थी। लड़कियों को कोरियन कल्चर इतना पसंद था उनका परिवार भी बेहद चिंता में था। इसी के चलते उसने मोबाइल ले लिया था। बता दें, कोरियन कल्चर की खासियत यह मानी जाती है कि के-ड्रामा और के-पॉप प्यार और पारिवारिक भावनाओं पर आधारित होते हैं, जिससे लोग आसानी से जुड़ जाते हैं। कोरिया की आधुनिक और पारंपरिक जीवनशैली, के-फूड, फैशन और के-ब्यूटी भी युवाओं को आकर्षित करती है। यही कारण है भारत में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कोरियन फिल्म, सीरियल और मूवीज को खूब पसंद किया जा रहा है।

### मौके से सुसाइड नोट बरामद

मृतक बहनों के नाम निशिका 16 साल, प्राची 14 साल और पाखी 12 साल बताए गए हैं। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मौके से एक पेज का सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिस पर मम्मी पापा सॉरी लिखा है।



एमपी में मावठा गिरने के आसार

# पहाड़ों पर हिमपात, मैदानी इलाकों में ठंडी हवाओं से बढ़ी कंपकंपी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के मौसम पर एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ और मजबूत उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम का संयुक्त प्रभाव साफ दिखाई देने लगा है। मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 5 और 6 को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। वहीं मध्यप्रदेश में आज कोहरे का असर पहले की तुलना में कम देखने को मिला। ग्वालियर-चंबल और मालवा-निमाड़ अंचल में सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा, जबकि दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ होने लगा। इसके अलावा पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 8 फरवरी से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने जा रहा है, जिसका असर मध्यप्रदेश में भी दिखेगा। 10 फरवरी से प्रदेश के कुछ हिस्सों में मावठा गिरने की संभावना जताई गई है। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में घना कोहरा और तेज ठंडी हवाएं लोगों को सामान्य तापमान के बावजूद ज्यादा ठंड का अहसास करा रही हैं।



### इन राज्यों में घने कोहरे की चेतावनी

मौसम विभाग ने बिहार, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में घने कोहरे की आशंका जताई है। इससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हो सकता है।

तमिलनाडु के मिनिस्टर बोले-

# उत्तर भारतीय यहां पानीपुरी बेचते हैं

### उन्हें सिर्फ हिंदी आती है; हमारे बच्चे तमिल-अंग्रेजी जानते हैं, विदेश में करोड़ों कमा रहे

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कृषि मंत्री एमआरके पन्नीरसेल्वम ने कहा कि उत्तर भारत से आए लोग सिर्फ हिंदी जानते हैं, इसलिए उन्हें अच्छी नौकरियां नहीं मिलतीं। वे तमिलनाडु आकर टेबल साफ करने, मजदूरी करने या पानी पूरी बेचने जैसे काम करते हैं।

पन्नीरसेल्वम ने बुधवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) की वजह से हमारे बच्चे अमेरिका, लंदन जैसी जगहों पर जाकर करोड़ों कमा रहे हैं। बीजेपी और दूसरी विपक्षी पार्टी छ्रब्य नेता के इस बयान का विरोध कर रहे है। तमिलनाडु बीजेपी ने सोशल मीडिया एक्स पर पन्नीरसेल्वम की वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि यह केवल एक व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं है, बल्कि एक पैटर्न बन चुका है।

शोध | मिला पेटेंट, पारंपरिक इस्पात उत्पादन की पर्यावरणीय चुनौती को बनाया लक्ष्य

# वैज्ञानिकों ने बनाई स्वच्छ धातु उत्पादन की तकनीक

नई दिल्ली (एजेंसी)

आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी के वैज्ञानिकों ने जटिल और निम्न-ग्रेड लौह अयस्कों से स्वच्छ धातु निकालने की एक नई, पर्यावरण-अनुकूल तकनीक विकसित की है, जिसे पेटेंट भी प्राप्त हो चुका है। यह तकनीक पारंपरिक लौह एवं इस्पात निर्माण प्रक्रि याओं की तुलना में कहीं कम प्रदूषणकारी है व सीओ2 को उल्लेखनीय रूप से घटाने की क्षमता रखती है।

यह शोध धातुकर्म अभियांत्रिकी विभाग में प्रो. गिरिजा शंकर महोबिया के नेतृत्व में, डॉ. बिस्वजीत मिश्रा और डॉ. लक्कोजू शंकर राव के सहयोग से किया गया। प्रो. महोबिया ने बताया कि यह कार्य एक पीएचडी शोध के रूप में शुरू हुआ था, जो आगे चलकर एक व्यवहारिक और उद्योग-उपयोगी तकनीक में बदल गया। उनका कहना है कि इस शोध का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ धातु का उत्पादन, मूल्यवान धातु तत्वों की हानि को रोकना और पर्यावरणीय क्षति को न्यूनतम करना रहा है।

इस्पात का उपयोग भवनों, पुलों, रेलवे, वाहनों, मशीनरी और घरेलू उत्पादों में बड़े पैमाने पर होता है, लेकिन पारंपरिक इस्पात निर्माण प्रक्रियाएं अत्यधिक ऊर्जा-खपत वाली हैं। वैश्विक स्तर पर इस्पात उद्योग से कुल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन का लगभग 7.8 प्रतिशत हिस्सा आता है। कोयला आधारित प्रक्रियाओं में प्रति टन इस्पात उत्पादन पर करीब 2 टन सीओ2 उत्सर्जन होता है, जो पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय है।



### घटते उच्च-ग्रेड अयस्क व अशुद्धियों की समस्या

भारत में उच्च-ग्रेड लौह अयस्कों की उपलब्धता लगातार घट रही है। वर्तमान में उपलब्ध अयस्कों में लौह की मात्रा कम और अशुद्धियां अधिक पाई जाती हैं। इनमें निकेल और क्रोमियम जैसे उपयोगी धातु तत्व भी मौजूद रहते हैं, लेकिन पारंपरिक तकनीकों से इन्हें प्रभावी ढंग से अलग करना कठिन होता है, जिससे संसाधनों की बर्बादी होती है।

**हाइड्रोजन आधारित स्वच्छ प्रक्रिया:** इस नई तकनीक की खास बात यह है कि इसमें कोयला या कोक का बिल्कुल उपयोग नहीं किया जाता। इसके स्थान पर हाइड्रोजन गैस का प्रयोग किया जाता है। हाइड्रोजन लौह अयस्क से ऑक्सीजन को हटाकर धातु का निष्कर्षण करती है, बिना किसी अतिरिक्त अशुद्धि के। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन लगभग शून्य के करीब पहुंच जाता है।



# मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका, 16 की मौत

### कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका, बचाव और खोज अभियान जारी

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई. नोंग्रांग ने दी। बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। नोंग्रांग ने कहा,अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं। धमाके के समय खदान के अंदर कितने मजदूर थे, यह अभी साफ नहीं है। और लोगों के फंसे होने की आशंका है। एक घायल व्यक्ति को पहले सुतंगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए शिलांग के अस्पताल में रेफर किया गया। यह जानकारी ईस्ट जैंतिया हिल्स के स्क्क विकाश कुमार ने दी। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट कोयला खनन के दौरान हुआ और यह खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। धमाके का कारण के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जाएगी। गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने वर्ष 2014 में मेघालय में रैट-होल कोयला खनन और अन्य अवैज्ञानिक खनन तरीकों पर रोक लगा दी थी। यह रोक पर्यावरण को होने वाले नुकसान और मजदूरों की सुरक्षा को देखते हुए लगाई गई थी। साथ ही, ऐसे तरीकों से निकाले गए कोयले के अवैध परिवहन पर भी प्रतिबंध लगाया गया था। रैट-होल माइनिंग में बहुत संकरी सुरंगें खोदी जाती हैं, जिनकी ऊंचाई आमतौर पर 3-4 फीट होती है।

लगातार घट रहा दिन का तापमान, बारिश के नहीं आसार

# सुबह कोहरा, दिनभर आसमान में छाए रहे बादल

नगर संवाददाता, सतना।

पिछले कुछ दिनों से मौसम में बदलाव नजर आ रहा है। उत्तर की ओर से आ रही ठंडी हवाओं व कोहरे की वजह से दिन का तापमान लगातार नीचे की ओर जा रहा जिस वजह से लोगों को दिन में भी ठंडक का एहसास हो रहा है। मौसम वैज्ञानिक आरके श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में अगले कुछ दिनों तक मौसम स्थिर बना रहेगा। दिन व रात में जहां कोहरे की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा वहीं दिन में बादलों की वजह से तापमान के गिरावट देखी जाएगी।

## बादलों की वजह से न्यूनतम तापमान स्थिर

पिछले कई दिनों से आसमान में बादलों का पहरा नजर आ रहा है। इसका असर न्यूनतम तापमान में नजर आ रहा है। अधिकतम तापमान में जहां गिरावट हो रही है वहीं न्यूनतम पारा 13-14 डिग्री के आसपास स्थिर है। विगत शनिवार को न्यूनतम तापमान जहां 8.6 डिग्री दर्ज किया गया था वही मंगलवार को 14.4 डिग्री रहा जबकि बुधवार को इसमें एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और पारा 13.0 डिग्री पर पहुंच गया।

## अभी बारिश की संभावना नहीं

पिछले कुछ दिनों से जम्मू काश्मीर व राजस्थान, चंडीगढ़ की ओर से कई पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने में आ रहा है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 6 फरवरी को एक पश्चिमी विक्षोभ फिर बन रहा है जिसका असर जिले में देखने को मिलेगा और बादल छाये रह सकते हैं। इसी प्रकार से 8 फरवरी को भी एक डब्लूडी का असर देखने को मिल सकता है। हालांकि इस के चलते बारिश की संभावना नजर नहीं आ रही है।

## एक दिन में 4 डिग्री की गिरावट

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 27 जनवरी को अधिकतम तापमान जहां 28.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था वहीं मौसम बदलने के साथ ही इसमें लगातार गिरावट देखी जा रही है। 8 जनवरी को एक दिन में पारा पांच डिग्री गिर गया था। वहीं एक सप्ताह के अंतराल में अधिकतम तापमान 23 डिग्री के आसपास स्थिर रहा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 24.0 डिग्री रहा जा कि बुधवार को घटकर 20.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।



## कोहरे का असर, देरी से चल रहीं ट्रेनें

कोहरे से चलते उत्तर की ओर से आने वाली अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से कई घंटे की देरी से चल रहीं हैं। बुधवार को आनंदविहार से रीवा आने वाली ट्रेन अपने निर्धारित समय से 5 घंटे की देरी से सतना पहुंची। वहीं रीवा से आनंद विहार की ओर जाने वाली ट्रेन सतना स्टेशन अपने निर्धारित समय से दो घंटे की देरी से रवाना हुई। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रेनों में कोहरे का असर पड़ रहा है जिस वजह से इनकी रफ्तार धीमी पड़ रही है। वहीं पटरियों की सुरक्षा के लिए भी गश्त में सक्रियता बढ़ाने का काम किया गया है।

## 'संकल्प से समाधान' अभियान में संभाग में आये 1.12 लाख आवेदन

सतना। रीवा संभाग के सभी जिलों में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर आमजनता से पात्रता के अनुसार विभिन्न योजनाओं के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। आमजनता की समस्याओं से जुड़े आवेदन पत्रों का भी निराकरण किया जा रहा है। आवेदन पत्रों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर विभागवार दर्ज किया जा रहा है। इसके साथ-साथ आवेदन पत्रों के निराकरण की भी जानकारी पोर्टल में दर्ज की जा रही है। रीवा संभाग में अब तक आमजनता से 112259 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 71070 आवेदन पत्र मंजूर कर लिए गए हैं। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि आवेदन पत्रों के निराकरण की लगातार कार्यवाही की जा रही है। कमिश्नर ने बताया कि संभाग में 3 फरवरी तक सतना जिले में लगाए गए शिविरों में 35405 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

आरपीएस एकेडमी में जिला कराते का मनाया गया 41 वां स्थापना दिवस

## जिले में मार्शलआर्ट्स की गौरवशाली यात्रा के 40 वर्ष पूर्ण

नगर संवाददाता, सतना।



आरपीएस मार्शलआर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी की मुख्य शाखा संडे एकेडमी स्कूल में जिले में मार्शलआर्ट्स का 41वां स्थापना दिवस मनाया गया। 40 वर्ष पूर्व 2 फरवरी 1986 के दिन ही जिले में मार्शलआर्ट्स के जनक स्वर्गीय शिहान रामायण प्रताप सिंह ने सतना में कराते की नींव रखी थी। कराते से शुरू करते हुए जिले ने कराते सहित विभिन्न मार्शल आर्ट्स में नए आयाम प्रस्तुत किए हैं। एक सादे समारोह में सीनियर प्रशिक्षक सेंसाई पदम रंजन मिश्रा सीनियर खिलाड़ियों द्वारा स्वर्गीय आर.पी.सिंह के छायाचित्र में द्वीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया गया। खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन सॉन्स, डांस और विविध कलाओं के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दी। सीनियर खिलाड़ियों, अभिभावकों ने स्वर्गीय आर पी सिंह एवं एकेडमी से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए। सेंसाई पदम रंजन मिश्रा ने इस 40 वर्षों के सफरनामे के बारे में खिलाड़ियों को बताया कि कैसे दो-चार खिलाड़ियों का कारवां आज सैकड़ो हजारों तक पहुंच चुका है।

चीफ इंस्ट्रक्टर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सेंसाई अंबुज सिंह ने बताया कि जिला कराते एसोसिएशन और आरपीएस एकेडमी ने जिले को 500 के लगभग ब्लैक बेल्ट प्रदान किए हैं। 50 से ज्यादा राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी दिए हैं। हम 34 जिला स्तरीय 3 राज्य स्तरीय सहित 50 से अधिक प्रतियोगिताएं आयोजित कर चुके हैं। बहुत से खिलाड़ी ऐसे हैं जो विभिन्न स्पोर्ट्स अवार्ड जीत चुके हैं। कुछ खिलाड़ियों को खेल कोटे से सरकारी नौकरी भी मिली है। आज सतना जिला कराते एसोसिएशन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास, सर्व शिक्षा अभियान, स्कूल शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज में बालिकाओं के आत्मरक्षार्थ और खिलाड़ियों की फिटनेस के साथ ही एक बेहतरीन खेल के रूप में अपना प्रसार कर रहा है।

# आईएसबीटी से बस संचालन को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, सुगम यातायात के लिए दिए निर्देश




नगर संवाददाता, सतना।

शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और नवनिर्मित इंटरस्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस सुगम यातायात के लिए आवश्यक सुझाव दिये। आईएसबीटी बस स्टैण्ड से संचालित होने वाली बसों के रूट निर्धारण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बसों के रूट इस तरह तय किए जाएं, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिले और शहर के भीतर यातायात का दबाव कम हो। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम राहुल सिलाडिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, आरटीओ संजय श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### समस्याओं को लेकर कल तक का समय, बनेगी सहमति

आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि रीवा, अमरपाटन, मैहर रूट की बसों का संचालन आईएसबीटी से किया जा रहा है। अन्य रूटों की बसों का संचालन आईएसबीटी से करने में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों के संबंध में बस ओनर्स और स्टेक होल्डर, यात्रियों से अभ्यावेदन 6 फरवरी तक लिखित में आमंत्रित किये जा रहे हैं। निर्धारित तिथि तक प्राप्त अभ्यावेदन परीक्षण के लिए अपर कलेक्टर का अध्यक्षता में गठित समिति में रखे जायेंगे। समिति इनका परीक्षण कर अपने अभिमत के साथ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विचारो परांत निर्णय के लिए रखेगी।

### मूलभूत सुविधाएं कराएं उपलब्ध

कलेक्टर ने नगर निगम, पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग मिलकर व्यवस्था बनाएं, ताकि आईएसबीटी का संचालन प्रभावी ढंग से हो सके। इसके साथ ही आईएसबीटी परिसर में यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी ध्यान दें।

## शिव-बारात का आयोजन पूर्व की भांति सम्पन्न होगा: रावेन्द्र बाघेल

■ विंध्य क्षत्रिय एवं क्षत्राणी महासंघ ने की नगर निगम कार्यवाही की निंदा

नगर संवाददाता, सतना।

विन्ध्य क्षत्रिय एवं क्षत्राणी महासंघ के संरक्षक एवं समाजसेवी कुंवर मान सिंह ताला कोठी ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि शिव-बारात के आयोजन में विघ्न उत्पन्न करने की कोशिश नगर निगम रीवा को बहुत ही भारी पड़ेगी। नगर निगम द्वारा शहर में लगे होर्डिंग बैनर को हटाकर घृणित कार्य किया है जिसकी जितनी निन्दा की जाय कम है। संगठन के संरक्षक कुंवर प्रदीप सिंह ने भी अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नगर निगम के कृत्यों की घोर निन्दा की है और नगर निगम को चेतावनी भरे शब्दों में कहा है कि शिव-बारात रीवा शहर में निकल के रहेगी यदि नगर निगम प्रशासन उसे रोकने का प्रयास करेगा तो उसको उसका मूल्य चुकाना पड़ेगा। संगठन के प्रदेश संयोजक रावेन्द्र सिंह बाघेल ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर होने वाले आयोजन शिव बारात की तैयारी में नगर निगम प्रशासन द्वारा विघ्न डालने की कोशिश पर कड़ा प्रतिकार किया जायेगा और हर हाल में शिव-बारात पूर्व की भांति शहर में निकाली जायेगी। संगठन के जिलाध्यक्ष मुनेन्द्र प्रताप सिंह परिहार, कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह बघेल, जिला संयोजक राजेश सिंह बघेल, आरमी बिग्रेड अध्यक्ष मनोज सिंह बघेल, क्षत्राणी जिलाध्यक्ष सुषमा प्रदीप सिंह, विमला सिंह,पुष्पा सिंह, प्रियंका सिंह, रीता पुष्पेन्द्र सिंह, सुषमा सिंह, राशी सिंह, विजया सिंह, सुषमा विनय सिंह, मीरा सिंह, निधी सिंह ने भी नगर निगम प्रशासन द्वारा शिव-बारात के वैनर निकालने की कड़ी निन्दा की है।

## रेड स्वास्तिक सोसायटी की डॉ. अमित सिंह को मिली जिले की कमान

नगर संवाददाता, सतना।



रेड स्वास्तिक सोसायटी ने सतना जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष टी.एस. भाल के निर्देशों के आधार पर यह सूची मध्य प्रदेश के चीफ को-ऑर्डिनेटर अजीज अहमद कुरैशी द्वारा जारी की गई। नई टीम के गठन के साथ ही जिले में मानवता आधारित सेवा कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

सर्वसम्मति से चुनी गई नई टीम में डॉ. अमित सिंह को जिलाध्यक्ष,नवल किशोर पाण्डे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,बलराम श्रीवास को जिला उपाध्यक्ष,पंडित राम शिरोमणि पांडे को जिला सचिव,जगत नारायण शुक्ला को जिला संयुक्त सचिव,रामगोपाल राठौर को कोषाध्यक्ष,एड. साधना राय को डायरेक्टर पब्लिक रिलेशन,मो. शालिम खान को प्रोजेक्ट डायरेक्टर,एड. देवेश प्रसाद गौतम को लीगल एडवाइजर,श्रीमती नजमा उस्मानी को डायरेक्टर पब्लिसिटी, फिरोज अली को शोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## विश्व कैंसर दिवस : लायंस क्लब ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



■ स्टार सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में कैंसर परीक्षण व परामर्श दिया, 60 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

नगर संवाददाता, सतना।

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स द्वारा मंगलवार 4 फरवरी को सर्किट हाउस के पास स्थित स्टार सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में विशाल निःशुल्क कैंसर परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी, जोन चेयरमैन लायन धर्मेंद्र सेन तथा लायन जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल' मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन शैलेन्द्र त्रिपाठी ने की।

**विशेषज्ञ डॉक्टरों ने किया परीक्षण**-शिविर में यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, कैंसर सर्जन डॉ. विनीत कुमार तिवारी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आयाचित केशरवानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दित्या केशरवानी सहित अन्य चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर निःशुल्क परामर्श दिया गया।

**60 मरीजों ने उठाया लाभ**-कार्यक्रम संयोजक लायन योगेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित कुल 60 मरीजों ने लाभ लिया। इसमें 4 मुख कैंसर, 3 गले के कैंसर, 3 स्तन कैंसर, 8 प्रोस्टेट कैंसर, 2 पेशाब की थैली के कैंसर, 1 किडनी कैंसर सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के मरीज शामिल रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए समय पर जांच, जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में लायन पवन मलिक, लायन आलोक त्रिपाठी, लायन शैलेन्द्र त्रिपाठी, लायन धर्मेंद्र सेन, लायन जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल', लायन योगेश शर्मा सहित अन्य लायंस सदस्य उपस्थित रहे।

## लक्ष्मण क्रिकेट ईलेवन की पटना क्रिकेट ईलेवन पर विजय

नगर संवाददाता, सतना।



बजरंग क्रिकेट क्लब दुरेहा द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। लक्ष्मण क्रिकेट ईलेवन एवं पटना क्रिकेट ईलेवन के बीच मैच खेला गया जिसमें लक्ष्मण क्रिकेट ईलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 274 रनों का लक्ष्य पटना क्रिकेट ईलेवन को दिया जिसमें पटना क्रिकेट ईलेवन 74 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में अनूप सिंह रहे तथा अंपायर की भूमिका दुर्गेश उपाध्याय एवं बलिराम कोरी ने निभाई एवं स्कोरर के रूप में नागेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। मैच का आंखों देखा हाल वीरेंद्र त्रिपाठी ने सुनाया। मैच में सराहनीय भूमिका पवन अग्रवाल, अजय द्विवेदी एवं रोशन पांडे की रही।

### भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी पुरी रवाना



सतना। भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन पुरी उड़ीसा में 6, 7 व 8 फरवरी को आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन में भाग लेने सतना एवं मैहर के वरिष्ठ पदाधिकारी शिवेंद्र मिश्रा, राजपाल शर्मा, मनोज शुक्ला, हरिगोबिंद सिंगरहा कटनी रेलवे स्टेशन उत्कल एक्सप्रेस से रवाना हो गये। ज्ञात हो कि भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में मजदूरों की समस्याओं को रखा जाएगा। राजपाल शर्मा ने बताया कि इस अधिवेशन में कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी।

### अप्रेन्टिस रोजगार मेला 19 को

सतना। राज्य शासन के निर्देशानुसार कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग के समन्वय से मैहर जिले में तृतीय गुरूवार को युवा संगम मेले का आयोजन किया जाता है। फरवरी माह में जिले के अमरपाटन मुख्यालय में 19 फरवरी को अप्रेन्टिस रोजगार मेला युवा संगम का आयोजन किया जायेगा।

## इन्फोकॉम नेटवर्क प्राइवेट लि. में एकेएस के विद्यार्थियों का चयन

नगर संवाददाता, सतना।



ए.के.एस. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026 के बीबीए एवं एमबीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए प्रतिष्ठित कंपनी इन्फोकॉम नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड (ट्रेड इंडिया) में चयनित होकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। चयनित विद्यार्थियों को गुजरात के अहमदाबाद स्थित कार्यालय में उच्च एवं आकर्षक वेतनमान पर नियुक्ति प्रदान की गई है।


कंपनी द्वारा बीबीए उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सहायक प्रबंधक एवं एमबीए उत्तीर्ण विद्यार्थियों को संबंध प्रबंधक पद पर नियुक्त किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में आसिया खान, कपिल वर्मा, आफताब, पार्थ, प्रताप सिंह, धनराज कुशवाहा, अनुपम सिंह बघेल, करण सोनी, प्रिंस गुप्ता, विजय तिवारी, अनुरोध कुमार पांडे, हर्ष चतुर्वेदी, मोहम्मद अयान खान, नीलम पांडे, अंकित गर्ग, सुमित सेन, रोहित सिंह एवं हिमांशु कुशवाहा शामिल हैं।

प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय रोजगारोन्मुख शिक्षा हेतु निरंतर प्रयासरत है। कुलपति प्रो.बी.ए. चोपडे ने इसे सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम बताया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड बालेंद्र विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को उद्योग-अनुकूल प्रशिक्षण दिया गया, जिससे यह उपलब्धि संभव हुई।

सांसद गणेश सिंह ने उठाया 'रामपथ गमन' और रामायण संस्थान का मुद्दा

# संसद में गूंजी सतना-चित्रकूट को रामायण सर्किट से जोड़ने की मांग

नगर संवाददाता, सतना।




सांसद गणेश सिंह ने बुधवार को संसद में नियम 377 के तहत सतना-चित्रकूट क्षेत्र के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि सतना और चित्रकूट केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, संस्कृति और सनातन परंपरा के केंद्र हैं।

सांसद श्री सिंह ने सदन को अवगत कराया कि यही वह पुण्यभूमि है, जहाँ भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के साढ़े ग्यारह वर्ष व्यतीत किए। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा वर्णित चित्रकूट आज भी रामकथा की जीवंत साक्षी है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में रामायण सर्किट की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है, जिसमें अयोध्या का भव्य विकास एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इसी कड़ी में उन्होंने सतना से चित्रकूट होते हुए रामायण सर्किट को जोडने के रामपथ गमन' प्रस्ताव पर अब तक की कार्यवाही की जानकारी मांगी।

### 84-कोसी परिक्रमा व रामायण संस्थान का भी उठाया मुद्दा

सांसद ने संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय की ओर प्रश्न करते हुए संस्कृति एवं पर्यटन विभाग से यह भी पूछा कि क्या चित्रकूट होते हुए 84-कोसी परिक्रमा पथ पर स्थित सभी तीर्थ स्थलों को रामायण सर्किट से जोडने की कोई योजना है? साथ ही उन्होंने चित्रकूट में एक समर्पित रामायण संस्थान' की स्थापना पर विचार करने की मांग की, जिससे शोध, संस्कृति संरक्षण और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

### रोजगार और क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बल

गणेश सिंह ने कहा कि यह विषय केवल श्रद्धा और आस्था से जुड़ा नहीं है, बल्कि इससे स्थानीय रोजगार, पर्यटन, संस्कृति संरक्षण और क्षेत्रीय विकास को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने माननीय मंत्री से आग्रह किया कि इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आवश्यक निर्णय लिए जाएं।

## टीआरडी और इंजीनियरिंग टीम ने दर्ज की शानदार जीत

नगर संवाददाता, सतना।




रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में दो मुकाबले खेले गए। पहला मैच सतना 11 पीवे एवं टीआरडी के मध्य खेला गया, जबकि दूसरा मुकाबला कमर्शियल बनाम इंजीनियरिंग टीम के बीच हुआ। दोनों ही मैच दर्शकों के लिए रोमांच से भरपूर रहे।

**टीआरडी ने सतना 11 पीवे को 8 विकेट से हराया**-पहले मुकाबले में टीआरडी टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सतना 11 पीवे की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर 104 रन बनाए। टीम की ओर से श्रीकांत ने 29 रन जबकि आकाश और सत्यजीत ने 26-26 रन की पारी खेली। टीआरडी की ओर से गेंदबाजी में चमन ने 3 विकेट लिए, वहीं विक्रम और मनोरंजन को 2-2 विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीआऱडी टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 8 ओवरों में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विक्रम ने ताबड़तोड़ 64 रन बनाए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**इंजीनियरिंग ने एक विकेट से जीता रोमांचक मुकाबला**-दूसरे मैच में कमर्शियल टीम 14 ओवरों में 75 रन पर ऑलआउट हो गई। प्रीतेश ने 32 रन बनाए। इंजीनियरिंग की ओर से रमेश और अवधेश ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में इंजीनियरिंग टीम ने अंतिम विकेट पर 10 रनों की साझेदारी कर 1 विकेट से मैच जीत लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन की बैठक 8 को

**रीवा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला रीवा की कार्यकारिणी की बैठक 8 फरवरी को 1 बजे दोपहर संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में आयोजित की गई है, जिसमें कार्यकारिणी के सदस्य पदाधिकारियों के अलावा तहसील एवं विकास खण्ड शाखाओं के अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी नें सभी बैठक में उपस्थित होने की अपील की है साथ ही जनवरी माह में 5 सूत्रीय मांग पत्र माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार को सदस्यों द्वारा डाक से भेजे गये पत्र की सूची भी बैठक में लाने हेतु आग्रह किया गया है।

### किसान गांव-गांव जलाएंगे मोदी ट्रंप के पुतले: एसकेएम

**रीवा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फरमानों के आगे शर्मनाक ढंग से झुक चुके हैं ,अमेरिकी वस्तुओं पर शून्य प्रतिशत आयात शुल्क की अनुमति देकर मोदी सरकार ने देश के किसानों के साथ विश्वासघात किया है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता शिव सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक विश्वासघात के लिए किसान कभी मोदी को माफ़ नहीं करेगा। इस समझौते के तहत अमेरिका भारत के विशाल बाज़ार में अधिक अमेरिकी कृषि उत्पाद निर्यात करेगा जिससे कीमतें बढ़ेंगी और ग्रामीण अमेरिका में नक़दी पहुँचेगी जिससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ वहां का किसान मजबूत होगा और भारत के किसानों की कमर पूरी तरह से टूट जाएगी। जिसके विरोध में संयुक्त किसान मोर्चे के राष्ट्रीय आवाहन मुताबिक रीवा संभाग के अंदर एसकेएम 5 से 11 फ़रवरी तक गांव-गांव मोदी सरकार के खिलाफ अभियान चलाकर नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प के पुतले जलाएंगे, साथ ही 12 फ़रवरी को घोषित आम हड़ताल में बढ़ चढ़कर भागेदारी करेंगे।

### बाइक चालक असंतुलित होकर गिरा, हालत गंभीर,

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज - रामपुर सड़क मार्ग पर बलाघा भटवा के पास आज एक तेज रफ्तार बाइक चालक असंतुलित होकर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना राह गीरो के माध्यम से 112 पुलिस वेन अमानगंज को लगी जिस पर आरक्षक 649 मेहरबान सिंह और पायलट हरिलाल पटेल तत्काल ही घटनास्थल पर पहुंचे।

# केंद्रीय बजट मप्र के दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा: कैलाश विजयवर्गीय

रीवा, नगर संवाददाता।




कैलाश विजयवर्गीय ने केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर बुधवार को रीवा में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। पत्रकार-वार्ता में भाजपा रीवा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, विधायक नरेंद्र प्रजापति, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी डॉ अनिल पटेल, जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कैलाश विजयवर्गीय ने पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। केंद्रीय बजट मध्यप्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। पूंजीगत व्यय में वृद्धि, शहरों के विकास व लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम का विकास प्रदेश के लिए वरदान बनेगा। यह बजट सतत आर्थिक विकास के साथ जन अपेक्षाओं को पूरा करने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने समय-समय पर अपने निर्णयों से देश को सशक्त बनाने के साथ दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया है। इस बजट के माध्यम से उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार के अनेक अवसर पैदा होंगे। बजट में तीन कर्तव्यों-आर्थिक विकास, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति और 'सबका साथ, सबका विकास' की परिकल्पना को साकार किया गया है। बजट में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। केन्द्रीय बजट में राजकोषीय घाटा को 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4.3 प्रतिशत तक लाने का रोडमैप तैयार किया है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण और 12.2 लाख करोड़ के कैपिटल एक्सपेंडिचर का प्रावधान किया गया है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश राशि को 22,500 करोड़ से बढ़ाकर 40,000 करोड़ करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इस बजट से मध्यप्रदेश को भी व्यापक लाभ होगा और यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह बजट युवा शक्ति प्रेरित बजट है। इस बजट का मूल उद्देश्य तेज एवं सतत आर्थिक वृद्धि, जन आकांक्षाओं की पूर्ति, क्षमता निर्माण तथा सभी परिवारों, क्षेत्रों और सेक्टरों को समान अवसर उपलब्ध कराना है। बजट के प्रावधानों से मध्यप्रदेश में निवेश, उद्योग स्थापना, रोजगार सृजन, उत्पादन क्षमता, निर्यात उन्मुख विनिर्माण का बेहतर वातावरण तैयार होगा।

### मप्र स्वास्थ्य और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में तेजी से आगे बढ़ेगा

कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बायोफार्म शक्ति योजना से बायोटेक्नोलॉजी, बायो फार्मा, फार्मास्यूटिकल अनुसंधान और हेल्थ इंडस्ट्री आधारित स्टार्ट अप्स को बढ़ावा मिलेगा। मध्यप्रदेश ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में अग्रसर होगा, जिससे उच्च मूल्य रोजगार सृजित होंगे। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 से इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग और एआई आधारित तकनीकों के विकास से मध्यप्रदेश में हाई टेक उद्योग, डिजिटल निवेश और नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। बजट के प्रावधान मध्यप्रदेश के पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था रोजगार तथा औद्योगिक पुनर्जीवन को नई गति प्रदान करेंगे। 200 लेगेसी इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स के पुनर्जीवन से मध्यप्रदेश के पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों में अधोसंरचना सुधार, निवेश पुनर्स्थापन, उत्पादन विस्तार और स्थानीय रोजगार को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट मध्यप्रदेश के एमएसएमई सेक्टर के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। राज्य में उद्यमिता, स्वरोजगार तथा औद्योगिक विस्तार को मजबूती मिलेगी। मध्यप्रदेश के लघु एवं मध्यम उद्योग अधिक प्रतिस्पर्धी, आत्मनिर्भर और विस्तार उन्मुख बनेंगे। मध्यप्रदेश को आईटी, पर्यटन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने में यह बजट महती भूमिका निभाएगा। बजट में 10 हजार करोड़ की लागत से देश के प्रत्येक जिलों में महिला छात्रावास स्थापना का के साथ नारी शक्ति के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने 1.5 लाख सेवा प्रदाताओं और एक लाख स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। लखपति दीदी योजना पर आधारित सामुदायिक स्व-सहायता समूह उद्यम स्थापित करने का प्रावधान है, इससे महिलाओं को क्रेडिट लिंक्ड आजीविका से उद्यम स्वामित्व की ओर जाने में मदद मिलेगी। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि मप्र अपनी प्रतिभाओं के बलबूते पर फार्मा सहित सभी क्षेत्रों में लंबी छलांग लगाएगा। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 भारतीय तकनीक है, जिसके आधार पर मध्यप्रदेश में अत्याधुनिक उद्योग, डिजिटल निवेश के साथ देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। केन्द्रीय बजट में फिस्कल डेफिसिट (राजकोषीय घाटा) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4.3 प्रतिशत तक लाने का रोडमैप तैयार किया है। साथ ही देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है।

# डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने रेडक्रॉस ब्लड बैंक से मरीजों को उपलब्ध कराये ब्लड

रीवा, नगर संवाददाता।



4 फरवरी को रेडक्रॉस रीवा के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी द्वारा संजय गांधी हॉस्पिटल में भर्ती आस्था पांडेय पिता शत्रुघ्न पांडेय निवासी सीधी जिनको ए पॉजिटिव एवं प्रियांशु प्रजापति पिता छोटेलाल प्रजापति निवासी गढ़ जिनको बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत पड़ने पर संजय गांधी हॉस्पिटल में उपलब्ध न होने के कारण रेडक्रॉस ब्लडबैंक द्वारा दो जरुरत मंद बच्चों को दो यूनिट ब्लड प्रदान किया गया। डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि थैलेसीमिया से पीड़ित रोगी को समय पर रक्त की आपूर्ति होनी चाहिए नहीं होने पर जान को जोखिम उठाना पड़ सकता है, हर जरूरतमंदों की मदद करना हमारा परम कर्तव्य है और यही सच्ची मानव सेवा है। हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए ताकि ऐसे जरूरतमंदों की मदद हो सके, इस निमित्त रेडक्रॉस निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता आ रहा है, इन्हीं रक्त दान शिविरो से प्राप्त रक्त को जरूरतमंदों का जीवन बचाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव राजेंद्र पाण्डेय, समन्वयक अशोक श्रीवास्तव, प्रवीण तिवारी एस एन विजय संजय शुक्ला अतुल का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

# ढेरा इलेवन बना गढ़ प्रीमियर लीग-3 का विजेता

- विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने दिए ट्रॉफी व पुरस्कार

रीवा, नगर संवाददाता।




गढ़ के खेल मैदान पर आयोजित गढ़ प्रीमियर लीग सीजन-3 का फाइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए यादगार बन गया। फाइनल में ढेरा इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाकाल इलेवन रीवा को 19 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद मैदान पर जीत का जश्न देखने लायक रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ढेरा इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाकाल इलेवन रीवा की टीम 18.5 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। ढेरा इलेवन के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन कर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में त्यौंथर विधानसभा के विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे,उनके साथ धर्मेंद्र मिश्रा भी मौजूद रहे। विधायक ने विजेता टीम ढेरा इलेवन को चमचमाती ट्रॉफी सहित 61000 रुपये का चेक एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए, वहीं उपविजेता टीम महाकाल इलेवन रीवा को ट्रॉफी के साथ 41000 रुपये का चेक सौंपा, साथ ही खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया।

### आयोजन समिति की अहम भूमिका

टूर्नामेंट के सफल आयोजन में आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन समिति में रवि मिश्रा एवं राहुल मिश्रा ने मुख्य संरक्षक की भूमिका निभाई। मैदानी अंपायर के रूप में प्रदीप ओझा,नरेंद्र पटेल, सोनू सिंह, अजय पाण्डेय रहे, डिजिटल स्कोरिंग में युवराज सिंह (पम्पम) एवं हेमंत मिश्रा (सीटू), सीट स्कोरिंग में लक्की मिश्रा ने अच्छा सहयोग किया। वहीं कमेंटेटर के रूप में संजीव पाण्डेय, अतुल तिवारी, प्रशांत मिश्रा, शिवम सिंह एवं पंकज मिश्रा ने अहम योगदान दिया। कमेटी के प्रमुख सदस्यों में हरिहर प्रसाद पटेल उर्फ भगत सिंह, अनुज मिश्र निक्की, निलेश मिश्र लब्बू, प्रिंस, अखिलेश्वर पुरी, उमेश कुशवाहा, संतोष, जीतेंद्र, विजय, दिलीप, पयासी, हीरू, छोटले, अन्य कमेटी सदस्यों एवं ग्रामवासियों के समन्वय से टूर्नामेंट का सफल आयोजन संभव हो सका।

# हिंदू संगठन का सड़क पर धरना

- प्रशासन को 1 महीने का अल्टिमेटम, कार्रवाई नहीं तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

रीवा, नगर संवाददाता।



मऊगंज जिले के नईगढ़ी में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति को लेकर जनपद चौराहे एवं थाना परिसर के सामने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस प्रदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि जिले में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस और सख्त कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। संगठनों ने बताया कि 31 जनवरी को कलेक्टर मऊगंज को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया गया था, बावजूद इसके हालात जस के तस बने हुए हैं। संगठनों ने आरोप लगाया कि लालगंज वार्ड क्रमांक-12 में 29 और 30 जनवरी को एक हिंदू परिवार के साथ मारपीट व लूटपाट की गंभीर घटना हुई, लेकिन आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर हैं। इसे प्रशासनिक उदासीनता बताते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। धरने के दौरान अवैध कब्जे हटाने, सार्वजनिक स्थानों पर खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध, गौ तस्करी पर रोक, नशे के कारोबार और देह व्यापार पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए 1 महीने का अल्टिमेटम दिया और कहा कि यदि इस अवधि में मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो जिले स्तर पर बड़ा और उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर एसडीओपी मऊगंज सची पाठक, एसडीएम राजेश मेहता एवं थाना प्रभारी नईगढ़ी गोविन्द तिवारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# टीआरएस कालेज में साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन

रीवा, नगर संवाददाता।

उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत माह जनवरी से अप्रैल की साप्ताहिक प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन करने के अनुक्रम में 04 फरवरी को उद्धव टीआरएस इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा महाविद्यालय के छात्रों हेतु तृतीय जागरूकता प्रशिक्षण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के कुशल मार्गदर्शन में आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुखेंद्र चौधरी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य थे,इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉक्टर सुखेंद्र चौधरी के द्वारा बताया गया कि स्टार्टअप के लिए इकोसिस्टम कैसे तैयार किया जाए तथा वित्तीय व्यवस्था कैसे होगी। सुखेंद्र चौधरी द्वारा बाजार रणनीतियों को भी सरल शब्दों में बच्चों को बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ.अभिनव तिवारी, डॉ. स्वाती सिंह, डॉ. अंकुल पाण्डेय, डॉ. दिलीप तिवारी, डॉ. अतुल शुक्ला व महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक व लगभग 140 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





मऊगंज कलेक्टर के विरोध में

# प्रदर्शनकारियों ने कमिश्नरी के सामने किया मुण्डन संस्कार

- कलेक्टर को निलम्बित कर शिक्षिका को बहाल करने की उठायी मांग

रीवा, नगर संवाददाता।



मऊगंज कलेक्टर के खिलाफ लोगों ने कमिश्नर कार्यालय रीवा के सामने प्रदर्शन करते हुये मुण्डन संस्कार किया। उन्होंने कलेक्टर मऊगंज को निलम्बित करने सहित निलम्बित शिक्षिका को बहाल करने की मांग उठायी। बताया गया कि मऊगंज जिला प्रशासन के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारी आज रीवा संभागायुक्त कार्यालय पहुंचे जहां मऊगंज कलेक्टर के खिलाफ ना सिर्फ विरोध प्रदर्शन किया बल्कि कडकडाती ठंड में नंगे बदन धरने पर बैठे और विरोध स्वरूप सिर का मुण्डन संस्कार भी कराया । प्रदर्शनकारियों में मऊगंज के शिक्षक मुद्रिका त्रिपाठी व रिटायर्ड शिक्षक सहित अन्य लोग शामिल रहे। उन्होंने कहा कि सिर का मुण्डन करा वह व्यवस्था में परिवर्तन का संदेश देना चाहते है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मऊगंज कलेक्टर द्वारा संवैधानिक मर्यादाओं की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने ज्ञापन पत्र के माध्यम से कलेक्टर को तत्काल निलंबित करने और फरियादिया शिक्षिका शकुंतला नीरत का कूटरचित निलंबन समाप्त करने की मांग की है। फिलहाल इस विरोध प्रदर्शन के बीच स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और प्रदर्शनकारियों को समझाइस देते हुए उन्हें शांत करने का प्रयास कर रहे हैं।

जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से जनसम्पर्क कर स्टेट बार काउंसिल चुनाव में समर्थन का किया आग्रह

# अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम का एयरपोर्ट पर स्वागत





रीवा, नगर संवाददाता।

जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग रीवा के जिला अध्यक्ष मुस्ताहाक खान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम वायुयान द्वारा इन्दौर से रीवा, 03 दिवसीय रीवा संभाग के दौरे पर रीवा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग रीवा द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग रीवा के जिला अध्यक्ष मुस्तहाक खान, पूर्व शहर अध्यक्ष अब्दुल शहीद मिस्त्री एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष वसीम राजा, प्रदेश महामंत्री रफीक अंसारी, अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग रीवा शहर अध्यक्ष अकरम अंसारी, मैहर जिला अध्यक्ष मोहम्मद सब्बीर मंसूरी, युवा कांग्रेस रीवा विधानसभा अध्यक्ष रोहन जॉन, पार्षद मुमताज खान, पार्षद प्रतिनिधि सहफूज खान, पूर्व पार्षद गुले अहमद, पूर्व शहर अध्यक्ष माजिद खान, मुर्तुजा अंसारी, रईस खानू (रईसू), सद्दाम चौहान, इकबाल अंसारी, नूर अफजल अंसारी, सैफ खान सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तदुपरांत दोपहर 02 बजे जिला न्यायालय परिसर रीवा में जनसम्पर्क किया गया, विशेषकर अधिवक्तागणों से मुलाकात कर चर्चा की गई। ज्ञात हो कि शेख अलीम पेशेवर अधिवक्ता हैं तथा कुछ ही दिनों में म.प्र. स्टेट बार काउंसिल का चुनाव होना है, जिसमें वह भी चुनावी मैदान में उतरने की रणनीति बना रहे हैं, इसी क्रम में वे अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे और उनसे जनचर्चा करते हुए म.प्र. स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में समर्थन देने हेतु आग्रह किया। इस दौरान अधिवक्तागणों में मुख्य रूप से एडवोकेट रमेश प्रताप सिंह, साजिद खान, एडवोकेट रियाजुद्दीन डब्बू, रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी, महेन्द्र उपाध्याय, राहुल सिंह सरदार, शेषमणि यादव, जयप्रकाश श्रीवास्तव, राहुल सिंह, राजेन्द्र सिंह, इरफान अंसारी, वरुण सिंह पटेल, ओमप्रकाश, अजीत द्विवेदी, सुजीत तिवारी, मुकर्रम हुसैन अंसारी सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# गीतांजलि पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

- जूनियर ने सीनियर छात्रों को दी विदाई

रीवा, नगर संवाददाता।



गीतांजलि पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के 150 छात्रों का विदाई समारोह कार्यकम आयोजित किया गया। कार्यकम की शुरूआत मुख्य अतिथि विद्यालय संस्थापक शिव प्रसाद प्रधान, श्रीमती अरूणा प्रधान द्वारा मॉ सरास्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यकम की कड़ी में कक्षा 11 वीं के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसमें समूह नृत्य प्रमुख रहा। 12वीं कक्षा के सभी छात्रों को टाइटल के साथ विद्यालय के तरफ से भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मिस फेयरवेल के रूप में स्मृति द्विवेदी व गायत्री थारवानी एवं मिस्टर फेयरवेल के रूप में प्रकाश तिवारी व प्रियंक वर्मा को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों से विभिन्न रोचक प्रश्न भी पूँछे गये। 12वी कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिव प्रसाद प्रधान ने कहा कि जीवन में अनुशासित रहने पर ही हम सफलता के उच्चतम शिखर पर पहुंच सकते हैं। हमारे विद्यालय में पढ़े हुए बच्चे यहां से जाने के बाद भी विद्यालय के अंश रहेगें तथा मुझे पूर्ण विश्वास है कि यहां के बच्चे किसी भी क्षेत्र में कभी भी असफल नहीं होंगे। संचालक वरूण प्रधान ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में आने वाले संघर्षो से अवगत कराते हुए परिस्थियों का डटकर मुकाबला करने की शीख दी और भविष्य में आगे बढ़ते हुए विद्यालय एवं देश का नाम रोशन करने की शुभकामना दी। श्रीमती रितिका प्रधान ने विद्यार्थियों के साथ बीते हुए स्वर्णिम समय को याद करते हुए उन्हे भविष्य में उच्चतम लक्ष्य प्राप्त करने के सिद्धांत बताए और भावुक स्वर में उनके बचपन से लेकर आजतक के बीते हुए क्षणों को याद करके उन्हे जीवन में अनुशासन, लगन व मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यकम में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की मंगल शुभकामना की गई। सभी छात्रों को उचित पुरस्कार द्वारा उन्हे सम्मानित किया गया। अंत में समस्त स्टाफ एवं छात्रों ने रूचिकर भोजन का लुफ्त उठाया।

संपादकीय

## महाभियोग की कोशिश

ममता बनर्जी को विपक्ष के साथ की जरूरत आ पड़ी है। खासकर कांग्रेस के सपोर्ट की। ऐसे में विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की अहमियत फिर से बढ़ी नजर आ रही है। एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट और सड़क पर उतर चुकीं ममता बनर्जी चाहती हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ संसद में महाभियोग का प्रस्ताव लाया जाए। नतीजा उनको मालूम है, और उनको कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भी इंडिया ब्लॉक का साथ चाहेंगी? क्या ममता बनर्जी चुनावों में कांग्रेस के लिए पहले से लगा रखा नो-एंट्री का बोर्ड उतार लेंगी? और अगर ऐसा नहीं करतीं, तो राहुल गांधी क्यों चुनाव आयोग के मुद्दे पर टीएमसी का सपोर्ट करेंगे?

ममता बनर्जी एसआईआर पर चुनाव आयोग को चौतरफा घेरने की कोशिश कर रही हैं और अपने मिशन को अंजाम देने के लिए पूरे लाव-लश्कर के साथ दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस नेताओं के अलावा एसआईआर की प्रक्रिया से किसी न किसी रूप में प्रभावित परिवारों के सदस्य भी ममता बनर्जी के साथ दिल्ली आए हुए हैं। ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात के बाद चुनाव आयोग को खरी खोटी तो सुनाई ही थी, बाद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाए जाने का भी आह्वान किया है, और इसके लिए सभी विपक्षी दलों से समर्थन भी मांगा है। माना जाता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए ममता बनर्जी तमाम विपक्षी दलों से संपर्क साध रही हैं। ममता बनर्जी की कोशिश है कि जितना जल्दी हो सके, सभी विपक्षी दलों के बीच इस मुद्दे पर आम सहमति बन जाए। ममता बनर्जी के पक्ष में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव जरूर खड़े नजर आ रहे हैं। अखिलेश यादव का कहना है, अगर चुनाव आयोग निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं कर पाता, तो उसे अपनी स्वतंत्र छवि पर पुनर्विचार करना चाहिए। ऐसी स्थिति में आयोग को अपनी इमारत पर बीजेपी का झंडा लगा लेना चाहिए। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सलाह है, एसआईआर को संगठित अपराध की श्रेणी में डाल देना चाहिए।

वैसे देश के इतिहास में अभी तक किसी भी मुख्य चुनाव आयुक्त को महाभियोग की प्रक्रिया के माध्यम से उनके पद से हटाया नहीं गया है। 90 के दशक में टीएन शेषन के फैसलों से परेशान राजनीतिक दलों ने भी भारी नाराजगी के बावजूद, उनके खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव नहीं लाया था। हालांकि, इस बात की चर्चा खूब हुई थी। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324(5) के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की भी प्रक्रिया वही है, जो सुप्रीम कोर्ट के किसी जज को हटाने की है। ये काफी लंबी और जटिल प्रक्रिया होती है, और सबसे महत्वपूर्ण नंबर होता है जो विपक्ष के पास नहीं है। पहले तो महाभियोग के प्रस्ताव को स्पीकर की मंजूरी चाहिए, और फिर उसे पास कराने के लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत, और ये बात ममता बनर्जी सहित पूरा विपक्ष जानता है, लेकिन राजनीतिक दबाव बनाने के लिए तो प्रयास किए ही जा सकते हैं।

# नारी देह, नारी अधिकार: माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता।

विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि माहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि



स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है।


न्यायालय ने शिक्षा को एक 'मल्टीप्लायर राइट' बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नर स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके।

माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष-चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति-निर्माता, इस विषय को केवल महिलाओं का मामला मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है।

ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर-सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय यदि ईमानदारी से लागू होता है, तो यह नीति और जमीन के बीच की खाई को पाटने में सहायक हो सकता है। यह भी विचारणीय है कि माहवारी स्वच्छता को केवल कल्याणकारी योजना न मानकर महिला अधिकारों के व्यापक ढाँचे में देखा जाए। स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और समानता का अधिकार-तीनों इस विषय से सीधे जुड़े हैं। एक ऐसी व्यवस्था जहाँ लड़की केवल इसलिए स्कूल न जा सके क्योंकि उसके पास सेनेटरी पैड नहीं हैं, वह व्यवस्था संविधान की आत्मा के विपरीत है। इसलिए यह फैसला सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी मजबूती देता है।

आज भारत नए प्रवेश के साथ आगे बढ़ने की बात करता है-डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखता है। किंतु यदि इस विकास की गाथा में महिलाओं की बुनियादी आवश्यकताएँ और सम्मान शामिल नहीं हैं, तो यह प्रगति खोखली सिद्ध होगी। वास्तविक विकास वही है जो सबसे कमजोर वर्ग की पीड़ा को समझे और उसे दूर करने का साहस रखे। माहवारी जैसे विषय पर खुली चर्चा उसी साहस का प्रतीक है। समाज में जन-जागृति लाना इस पूरी प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। कानून और आदेश दिशा दिखा सकते हैं, परंतु मानसिकता बदलना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मीडिया, शिक्षा संस्थान, धार्मिक और सामाजिक संगठन सभी को मिलकर माहवारी को लेकर फैली भ्रांतियों को तोड़ना होगा। इसे शर्म का नहीं, स्वास्थ्य और स्वाभिमान का विषय बनाना होगा। अंततः, सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एक शुरुआत है, मंज़िल नहीं। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम इसे कितनी ईमानदारी से लागू करते हैं और कितनी संवेदनशीलता से अपनाते हैं। यदि हम सचमुच एक समावेशी, न्यायपूर्ण और मानवीय भारत का निर्माण चाहते हैं, सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ नया भारत बनाना चाहते हैं तो महिलाओं के स्वास्थ्य और अधिकारों को विकास के केंद्र में रखना ही होगा। माहवारी से मुक्ति का अर्थ केवल शारीरिक सुविधा नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और संवैधानिक स्वतंत्रता है। यही स्वतंत्रता किसी भी सभ्य और प्रगतिशील समाज की पहचान होती है।

# विश्व रंग : ईरान में न अमन, न चैन



डॉ. सुधीर सक्सेना

लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

ईरान अशांत है। वह फिलवक्त दो पाटों में फंसा हुआ है। एक ओर तो घरेलू मोर्चे पर देगची में असंतोष खलभला रहा है, दूसरी ओर लंबे अर्से से आर्थिक-पाबंदियां झेल रहे ईरान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कभी भी कार्रवाई की धमकी ने सांसत में डाल दिया है। यद्यपि ईरान ने युद्ध के लिये तैयार रहने और आक्रमण होने पर करारा जवाब देने की बात कही है, अलबत्ता उसने अमेरिका के साथ वार्ता के लिये भी तत्परता दर्शायी है। गौरतलब है कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच दौत्य-संबंध नहीं है और उनके बीच संदेशों के आदान-प्रदान का दायित्व स्विस-दूतावास निभा रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघायेई का कहना है कि मध्यपूर्व के लिये ट्रंप प्रशासन के विशेष दूत स्टीव विटकोफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरघची के बीच संचार-प्रणाली चालू है और पड़ने पर संदेशों का आदान-प्रदान जारी है। सोमवार 12 जनवरी को ईरानी विदेशमंत्री यह कहते हुये उद्धृत किये गये कि ईरान ने युद्ध के साथ-साथ वार्ता के लिये अपने दरवाजे खुले रखे हैं। उनके इस बयान को तेहरान की मन:स्थिति के परिचायक के तौर पर देखा जा सकता है। यह इस बात का द्योतक है कि तेहरान जंग की बात भले ही कहे, लेकिन गहन आंतरिक असंतोष के इस कठिन दौर में वह अपनी ओर से जंग के लिये अनिच्छुक है और जैसे भी हो वह जंग को टालना चाहेगा।

ईरान के इस्लामी गणतंत्र के लिये मुसीबतों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां करीब एक पखवाड़े से उग्र प्रदर्शनों का तांता लगा हुआ है। 28 दिसंबर से शुरू हुये उन प्रदर्शनों पर काबू पाने के लिये पुलिस को जगह-जगह गोलियां चलानी पड़ी है। इसके फलस्वरूप अब तक 646 लोगों की जान जाने की खबर है। इनमें 505 प्रदर्शनकारियों, 113 सुरक्षाकर्मियों और सात तमाशबीनों का समावेश है। इसके अलावा 579 मौत की पुष्टि होना अभी शेष है और उनकी तफ्तीश की जा रही है। सरकार ने प्रदर्शनकारियों के प्रति कड़ाई बरतने के संकेत दिये हैं और एक पखवाड़े की अवधि में दस हजार से अधिक ईरान को गिरफ्तार किया है।

ईशन पर विश्व राजनय की दशा और दिशा को संयुक्त राष्ट संघ के महासचिव अंतोनियो गुटर्रेस के उस बयान से भी समझा जा सकता है, जिसमें उन्होंने ईरान में आंतरिक हिंसा से स्तब्ध होने और ईरानी सरकार से हिंसा के बजाय संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शांतिपूर्ण इकट्ठा होने और प्रदर्शन का सम्मान किया जाना चाहिये। प्रदर्शन और दमन की खबरों के बीच शनिवार को इस्रायल के प्रधानमंत्री वेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रूबियो ने फोन पर बातचीत की। रिपब्लिकन सिनेटर रैंड पॉल और डेमोक्रेट सिनेटर मार्क वानर ने ईरान पर अमेरिकी सैन्य आक्रमण की संभावना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विदेशी हमले की स्थिति में ईरानी आवाम हमले के खिलाफ एकजुट हो जायेगा। विशेषज्ञों का मत है कि इससे ईरानी सरकार को असंतोष पर काबू पाने में मदद मिलेगी। मत-मतांतरों के कुहासे में अब लोगों की नजर मंगलवार को राष्ट्रपति की अमेरिकी सांसदों व सलाहकारों से मुलाकाता के नतीजों पर है। उधर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने स्पष्ट शब्दों में अमेरिका और इस्रायल पर ईरान में अस्थिरता का जाल बुनने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ईरान के दुश्मनों ने आतंकवादियों को उकसाया है और ये दहशतगर्द मस्जिदों, बैंकों और सार्वजनिक संपत्ति को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने ईरानी अवाम से दंगाइयों से दूर रहने की अपील करते हुये कहा कि सरकार अवाम से बातचीत और आर्थिक मसले सुलझाने को तैयार है।

गत सप्ताहांत राष्ट्रपति ट्रंप के एक्स पर इस आशय के बयान के बाद ईरान समेत मध्यपूर्वक के मुल्कों की धुकधुकी बढ़ गयी है कि ईरानी जनता आजादी की ओर ताक रही है। ऐसा संभवतः पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने लिखा- द यूएसए स्टैंड्स रेडी टु हेल्प। ट्रंप जो हाल में वेनेजुएला में अपनी फिल्लियाँ फड़का चुके हैं, के रेडी टु हेल्प कथन के अलग-अलग अर्थ निकाले जा रहे हैं। इस बीच ईरान के निर्वासित, पूर्व सम्राट के बेटे रजा पहल्वी ने ट्रंप की ईरानी अवाम की अवर्णनीय वीरता की सराहना की है। उन्होंने ईरानियों से कहा कि सड़कें खाली मत छोड़िये। वर्तमान संकट में तेल अवीव को अपने स्थायी शत्रु से छुटकारा पाने का सुअवसर नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि घटनाक्रम पर तेल अवीव की पैनी निगाह है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पर्शियन स्टेट (ईरान) को जल्द ही अत्याचारों से मुक्ति मिलेगी। उलेखनीय है कि इस्रायल में ताजा घटनाक्रम और आशंकाओं के मद्देनजर हाई अलर्ट लागू कर दिया गया है। करीब एक छमाही ही बीती है, जब इस्रायल और ईरान के दरम्यान 12 दिन जंग चली थी। जून में हुई जंग में अमेरिका ने इस्रायल का साथ दिया था। उसने ईरान के परमाणु-ठिकाने तबाह कर दिये थे। बदले में ईरान ने इस्रायल और कतर में अमेरिकी ठिकाने पर मिसाइलें दागीं थीं। किस्सा कोताह यह कि अमेरिका की सीधी कार्रवाई की आशंकाओ के बीच स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। ईरान में अमन-चैन को नामोनिशां नहीं है और वह दोहरे संकट से जूझ रहा है।

# बजटजी कैसे हैं

संतोष उत्सुक

बजट, सरकार देश और जनता के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। कहते हैं ख़ास लोगों के कारण ही देश की पहचान बनती है, आमजन के कारण तो नहीं बनती। वह बात अलग है कि इनके टैक्स देने के कारण ही सरकारी आमदनी होती है लेकिन इन पर खर्च कम किया जाता है। दुनिया को दिखाने के लिए विकास दर ज़रूरी है इसलिए हर सरकार उस पर ध्यान देती है। बजट आने के बाद विपक्षी पार्टी का यह राजनीतिक कर्तव्य है कि बजट को समाज और देश के लिए हानिकारक बताए। मंत्रियों द्वारा बजट को आत्म निर्भर और विकसित राष्ट्र के संकल्प का आधार बताना होता है। विपक्ष द्वारा देश के वास्तविक संकटों पर ध्यान न देने वाला कहना होता है। कोई कहेगा इस बजट में रोज़गार या नौकरी नहीं, गरीबों और गांव में रहने वालों की समझ से परे है। मंत्री कहेंगे किसानों युवाओं पर केन्द्रित भविष्य का रास्ता है।



विपक्षी दल की तेज़तर्रार मंत्री को यही कहना चाहिए था कि बजट दिशाहीन, दृष्टिहीन, कर्म हीन, जन विरोधी, महिला विरोधी, किसान विरोधी, शिक्षा विरोधी है। इसमें हमारे प्रदेश के लिए कुछ नहीं है। सरकार के खिलाफ न जा सकने वाले उद्योगपतियों ने नई दिशा, नया रास्ता, नया रोज़गार देने वाला, प्रतिस्पर्धा बढाने वाला, उत्पादन लागत घटाने वाला, पैसों की किल्लत दूर करने वाला और पुराने उद्योगों को बढ़ावा देने वाला बताया। एक ने कहा अमीरों की आय बढाने वाला है। कई बार कहते हैं पर्यटन को लगेंगे पंख, इस बार पढ़ा, पशुपालन और मत्स्य पालन को भी लगेंगे पंख। बुद्धिजीवी माने जाने वालों ने कहा, इस बार बजट में शायरी, कविता, साहित्यिक उदाहरण और महान संतों के विचारों को प्रवेश नहीं करने दिया। भला निवेश और विकास के सामने यह सब कैसे आते। वैसे भी दोनों अलग अलग हैं कैसे साथ में टिकते।

बजट भविष्य के लिए चाहे जितना सकारात्मक हो लेकिन मध्यम वर्ग और वेतन भोगियों को आज ही राहत चाहिए। जिनके पास नौकरी नहीं उनके बारे कोई नहीं सोचता। किसी ने कहा बजट तो होना ही ऐसा चाहिए जिसमें अपने लिए कुछ तलाशो या समझने की कोशिश करो तो, न तो मिले और न ही समझ में आए। बजट के आने पर कई बार बाज़ार भी निराश हो जाता है। केंद्र और राज्य में अलग अलग पार्टी की सरकारों के, दो विरोधी नेताओं के बयान पढ़कर आम आदमी सोचता है मैंने बजट से क्या लेना है यह हैं न दोनों विशेषज्ञ। एक कहेगा काला दिन, दूसरा कहेगा क्रांतिकारी दिन। बजट में उस राज्य सरकार के लिए लड्डू कैसे हो सकते हैं जो विरोधी पार्टी की हो। एक कहेगा न हवाई सेवा का विस्तार, पर्यटन विकास पैकेज नहीं, झुनझुना थमाया है। दूसरा फरमाएगा, महिला सशक्तिकरण और हर वर्ग के लिए विकास का वायदा किया।

आम व्यक्ति यही पूछता है कि उसकी बीमारी की दवा कितने रूपए सस्ती हुई। महिलाएं जानना चाहेंगी, उनका पसंदीदा बैग कितने में पड़ेगा। विदेशी यात्रा कितने प्रतिशत सस्ती हुई। स्मार्ट फोन कितने हज़ार में मिलेगा। बजट की बारीकियों से बजट बनाने वालों ने भी क्या लेना उसके लिए प्रभाव पैदा करने वाले प्रबुद्ध अर्थशास्त्री हैं न। हर सरकार का बजट उच्चकोटि का होता है। सरकारजी ने चुनाव भी जीतने होते हैं। बजट बहुत आदरणीय है आइए आज से बजट की जगह बजटजी कहना शुरू करें।

# भारत वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है



प्रह्लाद सबनानी

सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक

दिनांक 27 जनवरी 2026 को यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। अब, इस समझौते की शर्तों को इन देशों की संसद द्वारा पारित किया जाएगा, इसके बाद यह मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय यूनियन एवं भारत के बीच होने वाले विदेशी व्यापार पर लागू हो जाएगा। इस मुक्त व्यापार समझौते को मदर आफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। क्योंकि, यह मुक्त व्यापार समझौता विश्व के 28 देशों के उस भूभाग पर लागू होने जा रहा है, जहां विश्व की 30 प्रतिशत आबादी निवास करती है। पृथ्वी के इस भूभाग पर 200 करोड़ से अधिक नागरिकों का निवास है। इन 28 देशों की संयुक्त रूप से विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था एवं चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बीच यह मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न होने जा रहा है। वैश्विक स्तर पर होने वाले विदेशी व्यापार में इन समस्त देशों की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत है। पूरी दुनिया में 33 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार होता है, इसमें से 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार उक्त 28 देशों द्वारा किया जाता है।

उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। इस समझौते में पूरी दुनिया की आर्थिक दशा एवं दिशा बदलने की क्षमता है। उक्त व्यापार समझौता को सम्पन्न करने के प्रयास पिछले 18 वर्षों से हो रहे थे। परंतु, कुछ विपरीत परिस्थितियों के चलते इस समझौते को सम्पन्न होने में इतना लम्बा समय लग गया है, अतः यह अब भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के बीच एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात वर्ष 2032 तक यूरोपीयन यूनियन के सदस्य देशों एवं भारत के बीच विदेशी व्यापार के दुगना होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसके पूर्व भारत एवं यूनाइटेड किंगडम के बीच भी मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न किया जा चुका है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री भी संभवत- मार्च माह में भारत के दौरे पर आने वाले है और भारत एवं कनाडा के बीच भी कुछ क्षेत्रों में व्यापार समझौता सम्पन्न होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अमेरिका मुक्त व्यापार समझौतों को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जबकि भारत मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है ताकि भारत एवं अन्य समस्त देशों में निवासरत नागरिकों को इन समझौतों से लाभ मिले। यह भारतीय संस्कृति के वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को दर्शाता है। भारत की इस नीति के चलते ही विश्व के कई देश अब भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते



शीघ्र ही सम्पन्न करना चाह रहे हैं। वैश्विक स्तर पर हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दे रही है। भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते से इस उथल पुथल में कुछ सुधार आता हुआ दिखाई देगा।

भारत में कृषि एवं डेयरी क्षेत्र अतिसंवेदनशील है। क्योंकि, भारत की कुल आबादी का लगभग 60 प्रतिशत भाग आज भी ग्रामीण इलाकों में उक्त क्षेत्रों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर है। अतः उक्त दोनों क्षेत्रों को मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा गया है। हां, भारत के समुद्री उत्पाद उद्योग, वस्त्र एवं परिधान उद्योग, जेम्स एवं ज्वेलरी उद्योग, चमड़ा उद्योग, खिलौना उद्योग जो श्रम आधारित उद्योग हैं, को उक्त मुक्त व्यापार समझौते से अधिकतम लाभ होगा क्योंकि यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों द्वारा भारत से उक्त उत्पादों के आयात पर आयात ड्यूटी को शून्य किया जा रहा है। वर्तमान में भारत से समुद्रीय उत्पादों के निर्यात पर 26 प्रतिशत का आयात कर लगाया जाता है, जिसे मुक्त व्यापार समझौता के लागू होने के पश्चात शून्य कर दिया जाएगा। इसी प्रकार, वस्त्र एवं परिधान के आयात पर वर्तमान में लागू 12 प्रतिशत के आयात कर को शून्य किया जा रहा है, खिलौना पर लागू 4.7 प्रतिशत के आयात कर को शून्य, जेम्स एवं ज्वेलरी के आयात पर 4 प्रतिशत से शून्य, केमिकल उत्पादों के आयात पर 12.8 प्रतिशत से शून्य, चमड़ा से निर्मित उत्पादों के आयात पर 17 प्रतिशत से शून्य, फर्नीचर उत्पादों के आयात पर 10.7 प्रतिशत से शून्य आयत कर किया जा रहा है।

भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को इस दृष्टि के साथ सम्पन्न किया जा रहा है ताकि इससे भारत के किसान, मजदूर, कारीगर, पेशेवर नागरिकों एवं सूक्ष्म, छोटे एवं मध्यम उद्योगों को विशेष लाभ हो। यूरोपीयन यूनियन के समस्त 27 देशों में वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र का आकार 26,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है, इससे भारत से वस्त्र एवं परिधान का निर्यात वर्तमान में 64,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसी प्रकार, चमड़ा उत्पादों का बाजार 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जेम्स एवं ज्वेलरी का बाजार 7,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। 27 देशों में इस विशाल क्षेत्र में भारतीय वस्त्र एवं परिधान उद्योग एवं अन्य उत्पादों को प्रवेश मिलने से भारत में श्रम आधारित कई सूक्ष्म, छोटी एवं मध्यम इकाईयों को लाभ होने जा रहा है। इसी प्रकार का लाभ अन्य क्षेत्रों यथा, समुद्री उत्पाद, चमड़ा उत्पाद, खिलोना उत्पाद, जेम्स एवं ज्वेलरी उत्पाद, केमिकल उत्पाद, फर्नीचर उत्पाद आदि, में कार्यरत इकाईयों की भी होने जा रहा है। इन क्षेत्रों में कार्यरत विनिर्माण इकाईयों के व्यापार में वृद्धि का आश्य सीधे सीधे अधिक श्रमबल की आवश्यकता होना भी है, जिसकी पूर्ति आज विश्व में केवल भारत ही कर सकता है।

रक्षा के क्षेत्र में भारत बहुत तेज गति से विकास कर रहा है। इस क्षेत्र में भारत का अंतिम लक्ष्य आत्मनिर्भरता हासिल करने का है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों को सुरक्षा के सम्बंध में अमेरिका पर निर्भर नहीं रहते हुए अपने पैरों पर खड़े होने की सलाह दी है। अतः यूरोपीय देश अपने सुरक्षा बजट में अत्यधिक वृद्धि करने का विचार कर रहे हैं। भारत के लिए ऐसे समय पर उक्त मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जाना एक सुनहरे अवसर के रूप में सामने आया है। इससे सुरक्षा के क्षेत्र में उत्पादन कर रही भारतीय कम्पनियों को यूरोपीय यूनियन का अति विशाल बाजार मिलने जा रहा है। इसी के साथ ही यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों से सुरक्षा के क्षेत्र में उच्च तकनीकी का हस्तांतरण भारतीय कम्पनियों को सम्भव हो सकेगा। कुल मिलाकर यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों के साथ सम्पन्न किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौते से भारत के लिए अतिलाभप्रद स्थिति बनने जा रही है।

# ड्रॉप बॉक्स से चेक चोरी कर एक लाख निकालने वाला पकड़ा

## ■अमृतसर से अपराध शाखा पकड़कर लाई

ग्वालियर (नगर संवाददाता)

बैंक के ड्राप बॉक्स से चेक चोरी करने के बाद दूसरी बैंक से रकम निकालने वाले शातिर ठग को अपराध शाखा ने अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया। शातिर ठग ने चेक कैसे चोरी किया और उसे बैंक से कैसे भुना लिया पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है। ठग की करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई थी और पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई थी।



सरस्वती शिशु मंदिर नदी गेट की प्राचार्या कल्पना सिकरवार का एक लाख रुपए का पे चेक पंजाब नेशनल बैंक की अचलेश्वर मंदिर रोड शाखा से 11 नवम्बर को ड्राप बॉक्स से चोरी होने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा जिंसी नाला से उसका भुगतान कर लिया गया था। पुलिस उक्त घटना के बाद से ठग को पकड़ने के लिए लगातार प्रयासरत थी। अपराध शाखा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चेक चोरी करने के बाद रकम निकालने वाला ठग इस समय अमृतसर में है। पुलिस ठग को पकड़ने के लिए अमृतसर पहुंची जहां दबिश देकर रजनीश पुत्र जवाहर लाल चौहान 44 वर्ष निवासी साहिब जादा फतेहसिंह नगर गेट हकीमा अमृतसर पंजाब को पकड़ लिया। पकड़े गये रजनीश ने चेक चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने पकड़े गए ठग से घटना के बारे में पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसके साथ गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### दो होटलों में रुका था आरोपी

इन्दरगंज थाना पुलिस रजनीश ने शहर में कहां पर शरण ली थी, उसकी पड़ताल कर रही थी। जांच के दौरान पता चला कि रजनीश पुरानी छावनी और रेसकोर्स रोड स्थित होटल में ठहरा था। दोनों होटलों में ही उसने वही पहचान पत्र लगाया था जो उसने रकम निकालने के लिए इस्तेमाल किया था। पुलिस अब ठग से यह पता लगा रही है कि अमृतसर से शहर में आने के लिए कौन माध्यम है।

### चेक चोरी करने के दौरान के फुटेज नहीं

पंजाब नेशनल बैंक की जिस शाखा से रजनीश ने चेक चोरी किया था उसमें सीसीटीवी लगे हुए हैं। हैरानी की बात है कि तीन मिनट के फुटेज बैंक के पास मौजूद नहीं हैं और इसी समय रजनीश चौहान ने चेक चोरी किया था। पुलिस बैंक में सीसीटीवी उसी दौरान क्यों बंद हुआ, उसकी भी पड़ताल कर रही है।

### इनका कहना है



बैंक से चेक चोरी करने के बाद उससे रकम निकालने वाले शातिर ठग को पकड़ लिया है। ठग को पकड़ने के लिए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों का भी सहारा लिया है।

**धर्मवीर सिंह**
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

# मरीजों की कसौटी पर खरा उतरने की तैयारी, जिला अस्पताल की 28 को परीक्षा

ग्वालियर (नगर संवाददाता)


जिला चिकित्सालय मुरार, ग्वालियर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अनुरूप तैयार करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एक ऐसी व्यवस्था है, जिसके अंतर्गत शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में रोगियों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक आधारित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य रोगियों के अधिकारों की रक्षा, बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं, संक्रमण नियंत्रण, सहायक सेवाओं का सुदृढ़ीकरण तथा समग्र उपचार परिणामों में सुधार करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि 28 फरवरी को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की टीम जिला चिकित्सालय मुरार का भ्रमण करेगी तथा निरीक्षण के उपरांत अपनी रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करेगी। सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय मुरार, डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय की पूरी टीम राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों की तैयारी में पूरी लगन और निष्ठा के साथ जुटी हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिला चिकित्सालय मुरार शीघ्र ही देश के मान्यता प्राप्त एवं गुणवत्तापूर्ण अस्पतालों की सूची में शामिल होगा। उन्होंने आगे बताया कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा सभी चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग अधिकारी पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं, सभी अभिलेखों को सुव्यवस्थित किया जा रहा है तथा कर्मचारियों को निरंतर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि जिला चिकित्सालय गुणवत्ता की सभी कसौटियों पर खरा उतर सके।

# सही जानकारी, नियमित जांच और साहस के साथ कैंसर से लड़ाई संभव

ग्वालियर (नगर संवाददाता)

**विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता की सशक्त पहल** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर शहर में विभिन्न संस्थानों द्वारा कैंसर के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कैंसर के लक्षण, जांच और आधुनिक उपचार पर जानकारी दी, तो कहीं छात्र-छात्राओं ने रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास किया।

### पोस्टर प्रतियोगिता से दिया जागरूकता का संदेश




जन विकास न्यास-सिम्स मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं कैंसर चिकित्सालय एवं शोध संस्थान तथा ग्वालियर ऑब्सट्रिक एवं गायनोलॉजिकल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कला वीथिका में फाइन आर्ट्स कॉलेज के छात्र-छात्राओं की कैंसर जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से कैंसर के प्रति जागरूकता दर्शाते हुए उत्कृष्ट पोस्टर बनाए। पोस्टरों का चयन निर्णायक मंडल में शामिल वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. वीना अग्रवाल, डॉ. वृंदा जोशी एवं डॉ. मोनिका जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अचला सहाय शर्मा ने कहा कि कैंसर का समय पर इलाज संभव है। मुख्य अतिथि महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने विजेताओं को पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए।



### मिलिट्री हॉस्पिटल में कैंसर जागरूकता सत्र आयोजित

मिलिट्री हॉस्पिटल द्वारा बाज ऑडिटोरियम में एक व्यापक कैंसर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. गुंजन श्रीवास्तव तथा डॉ. संतोष कुमार, कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. गुंजन श्रीवास्तव ने स्वस्थ जीवनशैली, कैंसर के कारणों, सर्वाइकल, हेड एंड नेक, ब्रेस्ट सहित विभिन्न प्रकार के कैंसर के प्रारंभिक एवं सामान्य लक्षणों पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. गुंजन श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से मिलिट्री हॉस्पिटल में 11 फरवरी से 13 फरवरी तक संयुक्त कैंसर जांच शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी को भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।



### आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी दी

बीआईएमआर नर्सिंग कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में बुधवार को 'यूनाइटेड बाय यूनिक थीम' के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. गौरव अग्रवाल (ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ) उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी टीम के साथ कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की पहचान, बचाव एवं रोकथाम के उपायों सहित आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तार से जानकारी देते हुए छात्राओं को जागरूक किया। साथ ही पाम पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार मिस सेन्ट्रा, द्वितीय पुरस्कार मिस संध्या तथा तृतीय पुरस्कार मिस ज्योति सिंह को प्रदान किया गया। इस अवसर पर बीआईएमआर ग्रुप के एक्जीक्यूटिव ट्रस्टी गोविन्द देवड़ा, डॉ. एसएल देसाई डायरेक्टर, बीआईएमआर हॉस्पिटल, डॉ. वैभव राज मेडिकल अधीक्षक, प्रो. रक्षा कुलश्रेष्ठ प्राचार्य, डॉ. मनोज शर्मा सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष को 12 लाख की चपत

## ■फरियादी की शिकायत पर कम्पनी पर प्राथमिकी

ग्वालियर (नगर संवाददाता)

उत्तर प्रदेश की कम्पनी ने व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष को बारह लाख रुपए की चपत लगा दी। सामान खरीदने का अनुबंध करने के बाद कम्पनी की नीयत में खोट आ गयी और उसने सामान नहीं भेजा। ऊपर से सिक्योरिटी की जमा रकम को भी हड़प लिया।

धोखाधड़ी के शिकार व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है। महाराणा प्रताप नगर निवासी विजय पुत्र स्वर्गीय प्रहलाद जाजू व्यवसायी हैं और नया बाजार व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष हैं। विजय जाजू ने अप्रैल 2018 में उत्तरप्रदेश की प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड से सामान खरीदने के लिए अनुबंध किया था। अनुबंध होने पर प्रबंधन ने विजय से सिक्योरिटी के 12 लाख रुपए जमा कराए थे। जब दोनों के बीच अनुबंध हो गया तो सामान कम्पनी से आने लगा। अचानक कम्पनी से सामान आना बंद हो गया। जब उन्होंने पता किया तो कम्पनी ने अनुबंध समाप्त कर दिया था। विजय जाजू ने अपनी रकम वापस मांगी तो कई प्रयास के बाद भी रकम वापस नहीं की। वर्ष 2021 तक वह रकम को वापस लेने के लिए प्रयास करते रहे। परेशान होकर उन्होंने न्यायालय की शरण ली और कम्पू पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर विजय अग्रवाल, शशांक त्रिपाठी और लेखाधिकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड कम्पनी उत्तरप्रदेश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# बजट पर प्रबुद्ध महिला सम्मेलन 9 को, अश्विनी परांजपे होंगी शामिल

ग्वालियर (नगर संवाददाता)

भाजपा महिला मोर्चा महानगर की बैठक केंद्रीय बजट 2026 आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत को लेकर भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन में आयोजित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने बताया कि आगामी 9 फरवरी को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में लोकसभा स्तर पर प्रबुद्ध महिलाओं का एक वृहद आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर महिला मोर्चा के सभी मंडलों की बैठकें 6 फरवरी को दोपहर 2 आयोजित होंगी। प्रबुद्ध महिलाओं के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, विनोद शर्मा, खुशबू गुप्ता, ममता भिलवार, किरण लता भदौरिया, ऊषा चौहान, लता सिंह, व्यंजना मिश्रा, रेशु राजावत, गीता मेवाफरोश, उमा भदौरिया, हेमलता भदौरिया, किरण भदौरिया, गिरजा गर्ग, सुमन चौरसिया, ममता चौहान, शीला दीक्षित, प्रियंका गर्ग, ज्योति पाठक, तृप्ति भटनागर आदि उपस्थित रहीं। संचालन महामंत्री डॉ. करुणा सक्सेना ने किया।




### बजट चौपाल आयोजित

केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भाजपा ग्वालियर महानगर द्वारा ग्वालियर पूर्व विधानसभा का बजट चौपाल का आयोजन अग्रसेन चौक पर किया गया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल एवं पारस जैन ने संबोधित किया। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष मुकेश दुबे ने दिया। संचालन संदीप अग्रवाल ने एवं आभार राहुल गोयल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक जैन, राकेश खुरासिया, संजय मंगल, धर्मेंद्र राणा, भारत शाक्य, अखिल राजौरिया आदि मौजूद रहे।

# ध्रुपद और नाट्यशास्त्र पर अनूठा संगम

## भरत मुनि की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

ग्वालियर (नगर संवाददाता)



संस्कार भारती एवं ध्रुपद केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में ध्रुपद केंद्र रामाजी का पुरा में भरत मुनि की स्मृति में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भरत मुनि के चित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति में प्रसिद्ध ध्रुपद गायक अनुज प्रताप सिंह ने राग भीमपलासी में आलाप, मध्यलय आलाप एवं द्रुत लय आलाप प्रस्तुत किए। इसके पश्चात उन्होंने चौताल में निबद्ध ध्रुपद कुंजन में रचयो रास अद्भुत गत लिए गोपाल की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। पखावज पर जयवंत गायकवाड़ एवं तानपुरे पर तेजस भाटे ने संगत कर प्रस्तुति को और समृद्ध किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के नाट्य विभागाध्यक्ष हिमांशु द्विवेदी ने भरत मुनि के नाट्यशास्त्र पर विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने नाट्यशास्त्र के प्राचीन एवं वर्तमान काल में प्रयोग, साथ ही नाटक, थिएटर और सिनेमा में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्कार भारती के महामंत्री चंद्रप्रताप सिकरवार ने कलाकारों का स्वागत किया और भरत मुनि की स्मृति में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती के मंचीय कला प्रमुख डॉ. विकास विपट ने एवं आभार प्रदीप दीक्षित ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में शेखर दीक्षित, दिनेश पाठक, अभिजीत सुखदाणे, आशुतोष वाजपेयी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# तीन माह में संग्रहालय तैयार कर आमजन के लिए खोलें, अब देरी नहीं चलेगी

ग्वालियर (नगर संवाददाता)

नगर निगम के निर्माणाधीन म्यूजियम के पुनर्निर्माण कार्य को तीन माह के भीतर हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही संग्रहालय के भीतर फर्नीचर, ग्लास एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी इसी अवधि में पूरी कर आम नागरिकों के लिए संग्रहालय खोलने को कहा गया है।



यह निर्देश सभापति मनोज तोमर एवं निगमायुक्त संघ प्रिय ने संग्रहालय के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं ठेकेदार को दिए। निरीक्षण के दौरान सभापति एवं निगमायुक्त ने प्रोजेक्ट इंजीनियर और ठेकेदार को सिविल कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि संग्रहालय के भीतर दुर्लभ और ऐतिहासिक वस्तुओं के प्रदर्शन के लिए उपयुक्त फर्नीचर एवं ग्लास इंस्टॉलेशन का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाए, ताकि संग्रहालय को तय समय-सीमा में आमजनों के लिए खोला जा सके।

इसके पश्चात सभापति एवं निगमायुक्त ने निर्माणाधीन नवीन परिषद भवन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारी कार्य की प्रगति से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने निर्देश दिए कि परिषद भवन का निर्माण कार्य अक्टूबर माह तक पूर्ण किया जाए। साथ ही भवन के भीतर फर्नीचर, लाइटिंग एवं एयर कंडीशनिंग से संबंधित कार्यों को भी तेजी से पूरा कर इन्हें प्रोजेक्ट में सम्मिलित किया जाए।

निरीक्षण के अंतिम चरण में सभापति एवं निगमायुक्त ने रोपवे की पुरानी साइट का जायजा लिया। चूंकि रोपवे को अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है, इसलिए यह भूमि वर्तमान में अनुपयोगी पड़ी हुई है। इस पर निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त भूमि पर नगर निगम के लिए उपयोगी एवं राजस्व बढ़ाने वाला कमर्शियल प्रोजेक्ट तैयार किया जाए।

# ओलावृष्टि ने तोड़ी किसानों की कमर भितरवार के 7 गांवों की फसल खराब

**ग्वालियर।** जिले के भितरवार अनुभाग में 2 और 3 फरवरी की रात हुई भीषण ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। चीनौर, बड़कीसराय, सिकरौदा, खुर्दपार्क, जुझारपुर, भौरी और कछौआ सहित सात गांवों में खेतों में खड़ी फसलें बर्बादी के कगार पर पहुंच गई हैं। जिलाधीश रुचिका चौहान ने ओलावृष्टि से हुई फसल तबाही के बाद तहसील चीनौर अंतर्गत प्रभावित ग्रामों में प्रारंभिक सर्वेक्षण के लिए विशेष सर्वेक्षण दल गठित करने के निर्देश जारी किए हैं। सर्वेक्षण दल में एसडीएम भितरवार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा तहसीलदार चीनौर को शामिल किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार देर रात से ही कछौआ, चीनौर और जुझारपुर गांवों में प्रशासनिक टीमों ने खेतों में उतरकर फसलों को हुए नुकसान का प्रारंभिक आंकलन शुरू कर दिया है। वहीं अन्य प्रभावित गांवों में भी सर्वेक्षण की कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने तीन दिन के भीतर फसल हानि का प्रतिवेदन तैयार कर भू-अभिलेख शाखा को भेजने के निर्देश दिए हैं।

# डॉ. श्रीवास्तव कैंसर विजेता सम्मान से सम्मानित



**ग्वालियर।** सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा प्रधान कार्यालय ऊंट पुल पर बुधवार को कैंसर दिवस के अवसर पर डॉ. बीआर श्रीवास्तव को कैंसर विजेता सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि गॉल ब्लेडर कैंसर हो या कोई अन्य कैंसर उससे घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि कैंसर कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। इस अवसर पर डॉ. शैला सप्रे, डॉ. रीता मिश्रा, डॉ. वीणा प्रधान, प्रकाश नारायण शर्मा, हेमेश दंडोतिया, योगेंद्र दीक्षित, डॉ. मुन्नालाल शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. जयवीर भारद्वाज ने किया।

**जीविवि की दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 54 शोधपत्रों का हुआ वाचन, इनमें 18 ऑफलाइन शामिल**

# अतीत की जड़ों से भविष्य का मार्ग दिखाती है भारतीय ज्ञान परंपरा : द्विवेदी

ग्वालियर (नगर संवाददाता)

भारतीय इतिहास, संस्कृति, विज्ञान, कला, स्थापत्य और दर्शन में निहित ज्ञान परंपराओं ने विश्व को दिशा दी है। आज आवश्यकता है कि हम इन परंपराओं को आधुनिक शोध पद्धतियों से जोड़ते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचाएं। पुरातत्व में जो प्रमाण मिलते हैं, उससे भारत की परंपरा और ज्ञान काफी समृद्ध नजर आते हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा हमारी सांस्कृतिक पहचान का मूल आधार है। यह परम्परा केवल अतीत तक सीमित नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य को भी दिशा देने में सक्षम है।




यह बात उत्तरप्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग लखनऊ की निदेशक रेनू द्विवेदी ने जीवाजी विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम ऊषा) द्वारा प्रायोजित भारतीय इतिहास में भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। अध्यक्षता जीविवि के प्रभारी कुलगुरु प्रो. जेएन गौतम ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा, कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा व आयोजन सचिव डॉ. शांतिदेव सिसोदिया मंचासीन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राजीव मिश्रा ने कहा कि भारतीय इतिहास लेखन में भारतीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा समाज के नैतिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विकास की आधारशिला रही है। विशिष्ट अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा बहु विषयक है, जिसमें वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, गणित, खगोलशास्त्र, व्याकरण और राजनीति शास्त्र जैसे विषयों का समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक काल में भारतीय ज्ञान को हाशिए पर रखा गया, लेकिन अब समय आ गया है कि हम अपने मूल स्त्रोतों की पुनः व्याख्या करें। प्रो. जेएन गौतम ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा हमारे राष्ट्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का दायित्व है कि वे पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक शिक्षा के बीच सेतु का कार्य करें। डॉ. शांतिदेव सिसोदिया ने कहा कि पीएम ऊषा जैसी योजनाएं उच्च शिक्षा संस्थानों को शोध एवं अकादमिक गतिविधियों के लिए नई ऊर्जा प्रदान कर रही हैं। संगोष्ठी के दूसरे दिन 11 ऑफलाइन व 18 ऑनलाइन शोधपत्रों का वाचन किया गया। इसके साथ ही दो दिवसीय संगोष्ठी में कुल 54 रिसर्च पेपर पढ़े गए।

# हजीरा गोलीकांड के आरोपी की जमानत खारिज

ग्वालियर (नगर संवाददाता)

हजीरा गोलीकांड के आरोपी राहुल राजावत को उच्च न्यायालय ने अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने आरोपी द्वारा प्रस्तुत निजी अस्पताल की मेडिकल रिपोर्ट पर गंभीर सवाल उठाते हुए ग्वालियर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित निजी अस्पताल की कार्यप्रणाली और उपचार से जुड़े रिकॉर्ड की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

न्यायमूर्ति ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि आरोपी ने अपनी पत्नी और नाबालिग बच्चे की गंभीर बीमारी का हवाला देकर अंतरिम जमानत मांगी थी, लेकिन स्वतंत्र मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट से इन दावों की पुष्टि नहीं हो सकी। आरोपी की ओर से प्रस्तुत निजी अस्पताल के मेडिकल दस्तावेज, स्वतंत्र मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट से मेल नहीं खाते। प्रथम दृष्टया ये दस्तावेज भ्रामक प्रतीत होते हैं, जिस पर न्यायालय ने कड़ी आपत्ति जताई है। हजीरा थाना क्षेत्र में जून 2025 में गोलीकांड में एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, वारदात में कई आरोपियों ने मिलकर फायरिंग की थी। जांच में सामने आया कि आरोपी राहुल राजावत पर घटना का षड्यंत्र रचने, मुख्य आरोपियों को उकसाने, उन्हें संरक्षण देने और आर्थिक मदद उपलब्ध कराने के आरोप हैं। आरोपी ने तीसरी बार अंतरिम जमानत के लिए आवेदन में दलील दी थी कि उसकी पत्नी पहले सेप्टिक शॉक जैसी गंभीर स्थिति से गुजर चुकी है और उसे नियमित चिकित्सा देखरेख की आवश्यकता है।

इसके अलावा उसका नाबालिग बच्चा एनीमिया से पीड़ित है, जिसके इलाज और देखभाल के लिए पिता की मौजूदगी जरूरी है। न्यायालय के निर्देश पर पत्नी और बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति के आकलन के लिए एक स्वतंत्र मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया था। बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आरोपी की पत्नी की हालत फिलहाल स्थिर है और बच्चा उपचार योग्य अवस्था में है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप क्रिकेट में छत्तीसगढ़ के अंश ने बनाए शानदार 56 रन



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 05 जनवरी से जारी है। टूर्नामेंट में फायनल मैच मंगलवार (04 फरवरी से 07 फरवरी) तक खेला जायेगा। पहले दिन रायपुर बनाम प्लेट कंबाईंड का मैच आर डी सी ए मैदान रायपुर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाईंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 56 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाये। प्लेट कंबाईंड की ओर से अंश राज आर्यन ने सर्वाधिक 56 रन तथा रोहित यादव ने 44 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से वेदांत जैन ने 3 विकेट, कृष्णा टांक तथा कुनाल सोनी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक, रायपुर ने अपनी पहली पारी में 32 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 125 रन बना लिये हैं। रायपुर की ओर से युवराज विश्वकर्मा ने 41 रन तथा कुणाल सोनी ने नाबाद 36 रनों का योगदान दिया। वही प्लेट कंबाईंड की ओर से ओम कोशले तथा आदित्य यादव ने 1-1 विकेट लिए। पहले दिन की समाप्ति तक रायपुर 34 रनों से पीछे है।

### राष्ट्रीय खेल में भूमि ने तैराकी में छत्तीसगढ़ को दिलाया कांस्य पदक



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात भूमि गुप्ता राष्ट्रीय खेल में पहली बार तैराकी खेल में छत्तीसगढ़ को पदक दिलाने वाली खिलाड़ी बनी। छत्तीसगढ़ ने 38 वें राष्ट्रीय खेल में अभी तक कुल 05 स्वर्ण पदक एवं 07 कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक प्राप्त किए है।

हल्द्वानी में आयोजित तैराकी खेल में छत्तीसगढ़ की भूमि गुप्ता ने 200 मीटर व्यक्तिगत मिश्रित (इंडिविजुअल मेडले-आईएम) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2:31.30 समय लेते हुए फाइनल के लिए के लिए क्वालीफाई किया था। फाइनल इवेंट में भूमि गुप्ता ने अपने अच्छे खेल को बरकरार रखते हुए 200 मीटर व्यक्तिगत मिश्रित में अपने समय में और सुधार करते हुए 2:29.54 का समय लेते हुए छत्तीसगढ़ के लिए कांस्य पदक प्राप्त किया। भूमि गुप्ता ऐसी पहली तैराक है जिसने छत्तीसगढ़ के लिए पदक प्राप्त किया है। इसी तरह तीरंदाजी की इंडियन राउंड महिला टीम इवेंट अपने पहले मैच में असम को 6-4 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला मणिपुर के साथ हुआ। जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम को मणिपुर से 1-5 से हार का सामना करना पड़ा। कांस्य पदक के लिए इंडियन राउंड महिला टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ का मुकाबला उत्तराखंड के साथ 07 फरवरी को होगा। छत्तीसगढ़ की इंडियन राउंड महिला टीम में सुलोचना, चांदनी साहू, सुशीला नेताम एवं हर्षिता साहू शामिल है।

38 वे राष्ट्रीय खेल में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी भूमि गुप्ता को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद रायपुर जिला एवं छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, सांसद दुर्ग जिला, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं उपाध्यक्ष केदार कश्यप, महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल खंडेलवाल, छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसिएशन के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी सहित छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण एवं राज्य खेल संघ के पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

### 38वीं राष्ट्रीय खेल में तीरंदाजी में छत्तीसगढ़ का एक पदक तय



रायपुर। 38 वें राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ की तीरंदाजी टीम ने अपना एक पदक पक्का कर लिया है।चांदनी साहू बालिका वर्ग में व्यक्तिगत प्रतियोगिता में फाइनल में पहुंच गई। 7 फरवरी को फाइनल टूर्नामेंट है, जिसमें गोल्ड या सिल्वर मेडल मिलना तय है। इसी तरह इंडियन बालिका टीम सेमी फाइनल में पहुंच गई है। 7 फरवरी को तीसरा या चौथा स्थान हासिल करने के लिए खेलेंगी। कंपाउंड वर्ग में तोमन कुमार टॉप 16 में खेलने के बाद बाहर हुए है। इसी तरह रिकर्व वर्ग का टूर्नामेंट चल रहा है। इस प्रतियोगिता में बालक बालिका मैदान में डटे हुए है और टॉप 32 में खेल रहे है।

## पाचन बेहतर करने आज हमारे पास कई विकल्प मौजूद

# आज हर उम्र के लोगों की सबसे बड़ी समस्या बन गई है गैस की, पेट हल्का करने जरूरी है कुछ उपाय अपनाना

आजकल पाचन से संबंधित समस्याओं का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। भोजन के रखरखाव में गड़बड़ी, बैक्टीरिया-वायरस से दूषित आहार का सेवन करने से फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा सर्दियों के दिनों में कम पानी पीने से डिहाइड्रेशन का भी जोखिम रहता है जिसके कारण भोजन के पाचन पर गलत असर हो सकता है। ये स्थितियां अपच-गैस और पेट फूलने जैसी दिक्कतें बढ़ा सकती हैं। अगर आप भी ऐसी ही परेशानी से जूझ रहे हैं तो चंद मिनटों में इन सिंपल ट्रिक्स से अपना पेट साफ कर सकते हैं।





### फाइबर वाले फूड का करें सेवन

पेट से जुड़ी समस्या के अनहेल्दी आंतो के कारण होती है। ऐसे में ज्यादा मात्रा में फाइबर का सेवन करना चाहिए। यह आंतो को हेल्दी रखने में काफी मदद करता है। अगर आप भी कब्ज का शिकार हो रहे हैं तो ऐसी फल और सब्जियों का सेवन करें, जो फाइबर से भरपूर होती हैं। आइए आपको बताते हैं इन फल और सब्जियों के बारे में।

सेब- पेट साफ करने के लिए सेब काफी प्रभावी होता है। इसमें फाइबर के गुण होते हैं, जो आपको गैस से छुटकारा दिलाता है।

कीवी- पेट साफ करने के लिए आप कीवी का सेवन भी कर सकते हैं। यह खाना डाइजेस्ट करने में काफी मदद करता है और पेट साफ करता है



हरी सब्जियां- पालक, मेथी और बाकी हरी पत्तेदार सब्जियां फाइबर से भरपूर होती हैं, यह कब्ज की समस्या से राहत देती हैं

साबुत अनाज- साबुत अनाज का सेवन में भी पाचन तंत्र को दुरुस्त करने में कारगर होता है। दलिया में घुलनशील फाइबर होता है, जो पेट को साफ करता है

प्रोबायोटिक्स से भरपूर चीजें

प्रोबायोटिक्स वाले यानी डेयरी उत्पाद जैसे दही और छाछ पाचन तंत्र को मजबूत करते हैं। इनमें अच्छे बैक्टीरिया होते हैं जो आंतों को साफ रखने में सहायक होते है। इसका सेवन कर के आप गैस और अपच जैसी समस्याओं से बच सकते हैं।



## इन संकेतों से पता लगाएं कि दोस्त सच्चा है या पीठ पीछे करता है बुराई

अगर आपके आसपास भी कोई ऐसा दोस्त है जो धोखेबाज दोस्तों वाली हरकतें करता है, तो बेहतर है कि उससे दूरी बना लें और उन दोस्तों को महत्व दें जो सच में आपके अपने हैं। अगर आप भी जानना चाहते हैं कि आपका दोस्त सच्चा है या सिर्फ नाम का, तो इन संकेतों को ध्यान से पढ़ें।

अक्सर हम जिन लोगों को अपना अच्छा दोस्त समझते हैं, वे असल में झूठे दोस्त होते हैं। ये दोस्त सामने तो मीठी बातें करते हैं लेकिन पीठ पीछे बुराई करने से पीछे नहीं हटते। नकली दोस्त आपसे झूठ बोलते हैं। आपकी दोस्ती का फायदा उठाते हैं या कभी भी धोखा दे सकते हैं। अगर आपके आसपास भी कोई ऐसा दोस्त है जो धोखेबाज दोस्तों वाली हरकतें करता है, तो बेहतर है कि उससे दूरी बना लें और उन दोस्तों को महत्व दें जो सच में आपके अपने हैं। अगर आप भी जानना चाहते हैं कि आपका दोस्त सच्चा है या सिर्फ नाम का, तो इन संकेतों को ध्यान से पढ़ें।

### सामने मीठे और पीठ पीछे बुराई

नकली दोस्त की पहचान यही होती है कि वे सामने तो आपकी तारीफ करते हैं लेकिन जैसे ही आप वहां से हटेंगे, आपकी बुराई करने लगेंगे। अगर आपको बार-बार दूसरे लोगों से अपनी बुराई सुनने को मिल रही है, तो सावधान हो जाएं।

### जरूरत पड़ने पर गायब हो जाना



सच्चे दोस्त हर अच्छे-बुरे वक्त में आपके साथ होते हैं, लेकिन झूठे दोस्त सिर्फ अपने फायदे के समय आपके आसपास रहते हैं। जब आपको उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब वे बहाने बनाकर गायब हो जाते हैं।

### आपके राज दूसरों को बताना

अगर आपने अपने दोस्त को कोई सीक्रेट बताया है और वह बात धीरे-धीरे सब तक पहुंच गई, तो इसका मतलब है कि वह दोस्त भरोसेमंद नहीं है। सच्चे दोस्त आपकी निजी बातें दूसरों के सामने उजागर नहीं करते।

### नीचा दिखाने की कोशिश

अगर आपका कोई दोस्त हमेशा आपको कम आंकने की कोशिश करता है, आपकी उपलब्धियों को छोटा दिखाता है या दूसरों के सामने मजाक बनाता है, तो वह सच्चा दोस्त नहीं है।

### दोस्ती में प्रतियोगिता

नकली दोस्त को आपकी खुशी और सफलता से जलन होती है। वे हमेशा खुद को आपसे बेहतर साबित करने की कोशिश करते हैं और जब आप आगे बढ़ते हैं, तो उन्हें तकलीफ होती है।

### फायदे के लिए जुड़े रहना

अगर कोई दोस्त सिर्फ अपना काम होने पर ही आपको याद करता है लेकिन जब आप किसी मदद के लिए बुलाते हैं तो बहाने बनाता है, तो वह दोस्त नहीं बल्कि सिर्फ एक यूजर है। ऐसे लोग दोस्ती की आड़ में आपका फायदा उठाते है।



## बिना धूप के भी तैयार हो जाएगा अचार, सर्दियों में करें फटाफट तैयार

गाजर और मूली का इंस्टेंट अचार बिना धूप में सुखाए भी आसानी से बन जाता है। इसे बनाने में न तो अधिक वक्त लगता है और नाही धूप की जरूरत होती है। आइए जानते हैं सर्दियों में फटाफट अचार बनाने की आसान विधि।

### अचार बनाने के लिए सामग्री

दो गाजर कद्दूकस किए हुए, एक मूली कद्दूकस की हुई, (चाहे तो पतले और छोटे टुकड़ों में भी काट सकते हैं) एक चम्मच अदरक कद्दूकस किया हुआ नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, आधा चम्मच सौंफ, चुटकीभर मेथी दाना, दो चम्मच सरसों का तेल, एक-दो चम्मच सिरका।

### अचार बनाने की विधि

स्टेप 1- सबसे पहले गाजर और मूली को अच्छी तरह से धोकर छील लें। अब इसे कद्दूकस कर लें।

स्टेप 2- एक बड़े बर्तन में कद्दूकस किया हुआ गाजर और मूली एकत्र करके उसमें स्वादानुसार नमक, चुटकी भर हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, सौंफ, मेथी दाना और अदरक डालकर अच्छे से मिला लें।

स्टेप 3- एक कढ़ाई में सरसों का तेल गर्म करें। इसमें थोड़ा सा मेथी दाना डालकर भूनें। जब तेल गर्म हो जाए और मेथी दाना हल्का सुनहरा हो जाए, तो इसमें मूली और गाजर का मिश्रण मिलाएं।


स्टेप 4- ऊपर से सिरका डालकर अच्छी तरह से मिला लें। तेल और सिरका अचार को जल्दी पका देंगे और इसमें ताजगी भी बनी रहेगी।



स्टेप 5- जब सभी सामग्री अच्छे से मिल जाए और मसाले व तेल गाजर-मूली के टुकड़ों में अच्छे से समा जाए, तो समझिए अचार तैयार है।

इसे आप तुरंत खाने के साथ सर्व कर सकते हैं। आप चाहें तो इसे कुछ घंटों के लिए रख भी सकते हैं। बिना फ्रिज में स्टोर किए ये अचार एक हफ्ते तक ठीक रहता है। लेकिन अगर लंबे समय तक स्टोर करना हो, तो इसे एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में रख सकते हैं।

## घर पर हमेशा हंसते हुए लाफिंग बुद्धा क्यों रखे जाते हैं, जानिए इसके बारे में



लाफिंग बुद्धा को फेंगशुई परंपराओं में खुशी, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। उनका सदैव मुस्कुराता हुआ चेहरा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और उनकी प्रसन्न मुद्रा घर एवं कार्यस्थल में शुभता लाने का संकेत देती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि लाफिंग बुद्धा हमेशा हंसता हुआ क्यों रखना चाहिए? क्यों हैं? उनकी हंसी केवल एक भाव नहीं है, बल्कि गहरी आध्यात्मिक और दार्शनिक प्रतीकात्मकता रखती है। उनकी मुस्कान संतोष और आंतरिक शांति का प्रतीक है, जो यह दिखाती है कि सच्चा आनंद भौतिक सुखों पर निर्भर नहीं होता, बल्कि आत्मिक संतुष्टि में निहित होता है। फेंगशुई के अनुसार, उनका हंसमुख चेहरा नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मकता और सौभाग्य को आमंत्रित करता है। इसके अलावा, मान्यता है कि उनके पेट से सौभाग्य और समृद्धि प्राप्त होती है। इस तरह लाफिंग बुद्धा न केवल खुशी का प्रतीक माना जाता है, बल्कि हमें जीवन को हल्केपन और प्रसन्नता से जीने की प्रेरणा भी देते हैं। यही नहीं लाफिंग बुद्धा को घर की सही दिशा में रखने से जीवन में सदैव समृद्धि बनी रहती है। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानें इसके बारे में कि घर पर हमेशा ऐसा लाफिंग बुद्धा क्यों रखना चाहिए जो हंसता हुआ दिखाई दे। लाफिंग बुद्धा की मुस्कान केवल खुशी का प्रतीक नहीं है, बल्कि इसमें गहरी आध्यात्मिक और दार्शनिक मान्यताएं छिपी हुई हैं। लाफिंग बुद्धा को आंतरिक शांति और संतोष का प्रतिनिधित्व करते हुए देखा जाता है। उनकी हंसी पूर्ण आत्मसंतोष को दर्शाती है, जो भौतिक इच्छाओं और चिंताओं से मुक्त होती है। फेंगशुई सिद्धांतों के अनुसार, लाफिंग बुद्धा की उपस्थिति नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और घर व कार्यस्थल में सकारात्मकता का संचार करती है।

उनकी मुस्कान इस बात की याद दिलाती है कि सच्ची खुशी बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह हमारे दृष्टिकोण पर निर्भर करती है। हंसी और आनंद को ज्ञान प्राप्ति का एक आवश्यक तत्व माना गया है। लाफिंग बुद्धा की हमेशा प्रसन्न मुद्रा इस बात को दिखाती है कि वास्तविक आनंद बाहरी भोगों में नहीं, बल्कि मानसिक शांति में होता है।

कार्नर न्यूज

## शरीर को निरोगी रखने में सहायक है पौधों पर आधारित भोजन

# पौधों पर आधारित भोजन को माना जाता है बहुत खास इसके फायदे जानकर आप भी रह जाएंगे हैरान

सेहत को ठीक रखने के लिए प्लांट बेस्ड डाइट की काफी चर्चा होती रही है। कई अध्ययन भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि अगर हम सभी प्लांट बेस्ड डाइट का सेवन बढ़ा दें तो कई प्रकार की गंभीर और क्रॉनिक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

अच्छी सेहत के लिए खान-पान को ठीक रखना सबसे आवश्यक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, दैनिक आहार में फलों-सब्जियों की मात्रा बढ़ाने, फैट वाली चीजों को कम करने और नमक-चीनी जैसी हानिकारक चीजों का सेवन कम करने से सेहत को कई प्रकार के लाभ हो सकते हैं। सेहत को ठीक रखने के लिए प्लांट बेस्ड डाइट की काफी चर्चा होती रही है। प्लांट बेस्ड डाइट यानी मुख्य रूप से पौधों से प्राप्त खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्जियां, अनाज, दालें, बीज, और नट्स। इन चीजों को सेहत के लिए कई प्रकार से लाभदायक माना जाता रहा है। कई अध्ययन भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि अगर हम सभी प्लांट बेस्ड डाइट का सेवन बढ़ा दें तो कई प्रकार की गंभीर और क्रॉनिक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।



### प्लांट बेस्ड डाइट के बारे में जानिए

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्लांट बेस्ड डाइट का मतलब यह नहीं है कि आप मांसाहार नहीं खा सकते। इसका मतलब है कि आपका भोजन ज्यादातर पौधों से प्राप्त चीजों पर आधारित होना चाहिए। इसमें सब्जियों, साबुत अनाज और फल, बीन्स और सीड्स की मात्रा अधिक होनी चाहिए। अच्छी डाइट के लिए अपनी प्लेट का दो-तिहाई हिस्सा इन प्लांट बेस्ड खाद्य पदार्थों से भरें। शेष एक तिहाई हिस्से में चिकन या मछली जैसे लीन प्रोटीन या टोफू-बीन्स जैसे प्लांट बेस्ड प्रोटीन को शामिल किया जा सकता है।

### फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर डाइट

कई शोध इस बात की पुष्टि करते हैं कि आहार में प्लांट बेस्ड चीजों को शामिल करके डायबिटीज, हृदय रोग, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं से बचाव किया जा सकता है। प्लांट बेस्ड डाइट में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा अधिक होती है, जो दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मददगार माने जाते हैं। यह रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल स्तर को कम करने में भी सहायक है। इस तरह की डाइट में कैलोरी की भी मात्रा कम होती है। फाइबर की अधिकता होने के कारण आपका पेट भरा रहता है और खाने की इच्छा कम होती है, इससे वजन कम करने में भी मदद मिलती है।



### डायबिटीज रोगियों के लिए भी फायदेमंद

प्लांट बेस्ड डाइट में शामिल अधिकतर चीजों का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है जो ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर रखते हैं और टाइप-2 डायबिटीज के जोखिम को कम करते हैं। शुगर के मरीज इस तरह के डाइट प्लान से लाभ पा सकते हैं।

### पाचन स्वास्थ्य में होता है सुधार

इस तरह के डाइट में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है और कब्ज, पेट फूलना, और अन्य पाचन समस्याओं को कम करने में मदद करता है।

### कैंसर जैसी बीमारियों का कम होता है खतरा

अध्ययन बताते हैं कि पौधों पर आधारित आहार से कैंसर के कुछ प्रकारों का खतरा कम हो सकता है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोकेमिकल्स की अधिकता होती है। प्लांट बेस्ड डाइट अपने एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के लिए भी जाने जाते हैं जो सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

भारत के नाम अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज

# भारत लगातार छठी बार फाइनल में, आरोन चमके

## अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया, 6 फरवरी को इंग्लैंड से फाइनल मुकाबला

एजेंसी, हरारे

आरोन जॉर्ज की शतकीय पारी की मदद से भारत ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में भारत के लिए आरोन ने शतक लगाया, जबकि वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए जिससे टीम ने 41.1 ओवर में तीन विकेट पर 311 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

### भारत ने तोड़ा 20 साल पुराना रिकॉर्ड

भारत ने इस तरह अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज बनाया। इससे पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था जिन्होंने 2006 में आयरलैंड के खिलाफ 305 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने इस तरह 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा और शान से खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। दिलचस्प बात यह है कि भारत अंडर-19 विश्व कप के 16 सत्र में से 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंच चुका है जो सर्वाधिक है। भारत ने लगातार छठी बार फाइनल में जगह बनाई। टीम 2016, 2018, 2020, 2022, 2024 और 2026 में खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। भारत ने रिकॉर्ड पांच बार इस टूर्नामेंट को जीता है और अब उसके पास छठी ट्रॉफी जीतने का मौका है। भारत का फाइनल में सामना इंग्लैंड से शुक्रवार को होगा। इंग्लैंड ने एक अन्य सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था।



मैन ऑफ द मैच आरोन ने 104 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से 115 रन बनाए।

### आरोन जॉर्ज ने खेली दमदारी पारी

भारत के लिए आरोन जॉर्ज ने 104 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से 115 रन बनाए। वहीं, वैभव ने 33 गेंदों पर नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 68 रन, जबकि म्हात्रे ने 59 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्कों के सहारे 62 रन की पारी खेली। विहान मल्होत्रा 47 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 38 और वेदांत छह गेंदों पर पांच रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान के लिए नूरिस्तानी ओमरजई ने दो विकेट झटके, जबकि वाहिदुल्लाह जादरान को एक विकेट मिला।

### वैभव-आरोन ने दिलाई मजबूत शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव और आरोन ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। इस दौरान वैभव अपनी पुरानी फॉर्म में नजर आए। वैभव के आउट होने के बाद आरोन और कप्तान म्हात्रे ने पारी आगे बढ़ाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी हुई। म्हात्रे भले ही आउट हो गए, लेकिन आरोन ने बल्लेबाजी जारी रखी और शतक लगाया। वह हालांकि, टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गए। इसके बाद विहान मल्होत्रा और वेदांत त्रिवेदी ने जीत की औपचारिकता को पूरा किया।

### नियाजाई-शिनोजादा की शतकीय पारी

इससे पहले, अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और भारत को बड़ा लक्ष्य दिया। अफगानिस्तान की ओर से दो बल्लेबाजों ने शतक जड़े। इनमें उजईरुल्लाह नियाजाई और फैसल शिनोजादा शामिल हैं। नियाजाई ने 86 गेंद में 12 चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 101 रन की पारी खेली। वहीं, फैसल ने 93 गेंद में 15 चौके की मदद से 110 रन बनाए। इसके अलावा उस्मान सदत ने 39 रन और खालिद अहमदजई ने 31 रन की पारी खेली। अजिजुल्लाह मियाखिल 12 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, अब्दुल अजीज सात रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान को दो-दो विकेट मिले।

टेस्ट में दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरा तो नया बल्लेबाज आएगा

# क्रिकेट के 73 नियम बदले 1 अक्टूबर से लागू होंगे

एजेंसी, लंदन

क्रिकेट के 73 नियम बदल दिए हैं। इनमें टेस्ट मैच में दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरने पर पूरा ओवर खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। डेड बॉल, ओवरथ्रो, बाउंड्री पर लिए जाने वाले कैच, विकेटकीपर की पोजीशन जैसे कई नियम बदले गए हैं। लेमिनेटेड बैट को सशर्त मंजूरी दी गई है। नए नियम 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगे। 2022 के बाद नियमों में यह सबसे बड़ा अपडेट है।



### टेस्ट मैच में दिन के आखिरी ओवर का नियम बदला

क्रिकेट नियम बनाने वाले मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि टेस्ट मैचों में दिन का आखिरी ओवर अब हर हाल में पूरा कराया जाएगा। ऐसा न होने से 'खेल का रोमांच कम हो जाता है।' एमसीसी ने कहा, 'यह अनुचित माना गया कि अगर दिन के अंतिम ओवर में गेंदबाजी कर रही टीम विकेट लेती है, तो बल्लेबाजी टीम को नया बल्लेबाज भेजने की जरूरत नहीं पड़ती।' वहीं यह भी बयान में कहा गया कि, 'इससे समय की बचत भी नहीं होती, क्योंकि बची हुई गेंदें अगले दिन पूरी करनी ही पड़ती हैं।

### ओवरथ्रो और 'डेड बॉल' की नई परिभाषा

- एमसीसी ने ओवरथ्रो और मिसफील्ड के बीच के अंतर को स्पष्ट कर दिया है। अब ओवरथ्रो सिर्फ तभी माना जाएगा, जब कोई फील्डर विकेट पर गेंद फेंकता है और वह गेंद आगे निकल जाती है।
- अगर फील्डर बाउंड्री के पास गेंद रोकने की कोशिश करता है और गेंद हाथ से फिसलकर निकल जाती है, तो उसे ओवरथ्रो नहीं, बल्कि मिसफील्ड कहा जाएगा।
- अब 'डेड बॉल' के लिए यह जरूरी नहीं है कि गेंद गेंदबाज या विकेटकीपर के हाथ में ही हो। अगर गेंद किसी भी फील्डर के पास आ गई हो या मैदान पर रुक गई हो और अंपायर को लगे कि अब बल्लेबाज रन नहीं ले सकता, तो वह गेंद को डेड बॉल घोषित कर सकता है।

### लेमिनेटेड बैट को मंजूरी

लेमिनेटेड बैट या टाइप-डी बैट वह क्रिकेट बैट होता है, जिसे लकड़ी के दो या तीन टुकड़ों को आपस में जोड़कर तैयार किया जाता है। ये बल्ले पारंपरिक सिंगल-पीस बल्लों की तुलना में सस्ते होते हैं। एमसीसी ने इन्हें ओपन एज क्लब क्रिकेट में इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मीराबाई चानू ने तीन नेशनल रिकॉर्ड तोड़े

**मोदीनगर (उत्तर प्रदेश)।** आईडब्ल्यूएलएफ नेशनल यूथ, जूनियर और सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप



2025-26 ऑफिशियली 3 फरवरी, 2026 को एक ग्रैंड ओपनिंग सेरेमनी के साथ शुरू हुई। 30 राज्यों और यूटी और 3 डिपार्टमेंटल बोर्ड के लगभग 790 एथलीट्स ने 12 दिन के मेगा नेशनल स्पोर्ट्स सागा के लिए मोदीनगर में नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लिया है। मीराबाई चानू ने आज स्नैच में 89 किग्रा, क्लीन एंड जर्क में 116 किग्रा और कुल 205 किग्रा का बेस्ट लिफ्ट करके 3 नए नेशनल रिकॉर्ड तोड़े। ओलंपिक वेट क्लास में बदलाव के बाद, मीराबाई 2025 में 49 किग्रा डिवीजन से वापस 48 किग्रा कैटेगरी में आ गईं।

### मैं जल्द ही खेल के मैदान पर वापस आऊंगा : पंत

**मुंबई।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने मंगलवार को वर्ल्ड पिकलबॉल लीग के मौके पर



कहा कि उनकी चोट से रिकवरी लगातार हो रही है और उन्हें उम्मीद है कि वह जल्द ही कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में वापसी करेंगे, जहां वह मुंबई पिकल पावर के को-ओनर के तौर पर मौजूद थे। पंत को टीम की ग्रासरूट आउटरीच पहल के तहत युवा फैंस से बात करते देखा गया, जिसमें 150 से ज़्यादा बच्चे शामिल थे। पंत बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखे हुए हैं। पंत ने कहा, मेरी फिटनेस दिन-ब-दिन बेहतर हो रही है। मैं बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़ी मेहनत कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि मैं जल्द ही खेल के मैदान पर वापस आऊंगा।

10 मीटर एयर पिस्टल में सम्राट को कांस्य, पहले दिन भारत को 9 पदक

# एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में ईशा सिंह ने दूसरा स्वर्ण जीता

एजेंसी, नई दिल्ली



ईशा सिंह ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में दूसरा गोल्ड जीत लिया है। नई दिल्ली के डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल में ईशा ने 239.8 का स्कोर किया। वहीं मेंस 10 मीटर एयर पिस्टल में सम्राट राणा को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

### 19वें शॉट में बढ़त बनाई

बुधवार को खेले गए फाइनल में ईशा ने शुरुआती पांच शॉट के बाद सातवें स्थान से वापसी करते हुए 19वें शॉट के बाद निर्णायक बढ़त बनाई। चीनी ताइपे की चेंग येन चिंग को सिल्वर और यू वी एन को ब्रॉन्ज मिला।

### सम्राट राणा को ब्रॉन्ज

पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत के सम्राट राणा ने 220.3 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस इवेंट में उज्बेकिस्तान के विलामदिर स्वेशिनकोव ने गोल्ड (242.0) और कजाखस्तान के वैलीरी राखीमजान ने सिल्वर जीता। टीम इवेंट में भी भारत ने शानदार खेल दिखाया। विमेंस एयर पिस्टल टीम में ईशा सिंह, मनु भाकर और सुरुचि सिंह की तिकड़ी ने 1726 अंकों के साथ गोल्ड जीता।

टी20 विश्व कप वॉर्मअप मुकाबला : दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से हराया

# भारत ने द. अफ्रीका को हराया, नामीबिया 6 रन से जीता, अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को हराया

एजेंसी, नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका को होम टीम इंडिया ने 30 रन से हरा दिया। डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 240 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम 7 विकेट गंवाकर 210 रन ही बना सकी। दूसरी ओर पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच टी-20 वर्ल्ड कप का नौवां वॉर्मअप मैच रद्द हो गया। कोलंबो स्टेडियम में बारिश की वजह से टॉस भी नहीं हो सका। वहीं 7वें मैच में नामीबिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 6 रन से जीत दर्ज की। 8वें मैच में अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को 23 रन से हरा दिया। भारत ने साउथ अफ्रीका को हराया नवी मुंबई के डीवाई पाटील स्टेडियम में भारत ने अपने इकलौते वॉर्म-अप मैच में साउथ अफ्रीका को 30 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने 240 रन बना दिए। ईशान किशन ने 20 गेंद पर फिफ्टी लगाई। तिलक वर्मा ने 45, हार्दिक पंड्या ने 30,



ईशान किशन ने 20 गेंद पर अर्धशतक लगाया

अक्षर पटेल ने 35, अभिषेक शर्मा ने 24 और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी 30 रन बनाए। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नॉर्त्या और क्वेन मफाका ने 1-1 विकेट लिया। 241 रन के टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका ने पहले ही ओवर में जॉर्ज लिंडे का विकेट गंवा दिया। कप्तान ऐडन मार्करम ने फिर 38 रन बनाए। रायन रिकेल्टन ने 44, जैसन स्मिथ ने 35, मार्को यानसन ने 31 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 45 रन बनाए। टीम 210 रन ही बना पाई। भारत से अभिषेक शर्मा को 2 विकेट मिले। अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला।

### आयरलैंड-पाकिस्तान मैच रद्द

कोलंबो में आयरलैंड और पाकिस्तान के बीच खेला जाने वाला वॉर्मअप मैच बारिश की वजह से टॉस से पहले ही रद्द हो गया। दोनों टीमों के लिए यह इकलौता वॉर्मअप मैच था। पाकिस्तान 7 फरवरी को नीदरलैंड्स के खिलाफ वर्ल्ड कप का पहला मैच खेलेगा, जबकि आयरलैंड 8 फरवरी को श्रीलंका से भिड़ेगी। दोनों मुकाबले कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होंगे।

शिवम शीर्ष-10 में आए

# ईशान को बैटर्स रैंकिंग में 32 स्थान का फायदा

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय बैटर ईशान किशन को आईसीसी रैंकिंग में 32 स्थान का फायदा हुआ है। बुधवार को जारी प्लेयर्स रैंकिंग में ईशान 584 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 32वें नंबर पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पाकिस्तान के सईम अयूब ने पहला स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने जिम्बाब्वे के अनुभवी खिलाड़ी सिकंदर रजा को पीछे छोड़ा। भारत के शिवम दुबे को भी ऑलराउंडर्स में दो स्थान का फायदा हुआ। वे अब 186 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 11वें से नौवें पायदान पर पहुंच गए हैं।

### अभिषेक शर्मा शीर्ष पर काबिज

टी-20 बल्लेबाजों की टॉप-10 रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के



जोस बटलर, श्रीलंका के पथुम निसांका, भारत के सूर्यकुमार यादव और न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। वहीं चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ एक भी मैच नहीं खेलने वाले तिलक वर्मा को एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। वे पांच मैचों की सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

### एम वाय मेमोरियल ट्रॉफी में भोपाल डिवीजन की मजबूत शुरुआत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एम. वाय. मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिवीजनल मल्टी डे क्रिकेट टूर्नामेंट में भोपाल डिवीजन ने प्रभावशाली शुरुआत की है। नर्मदापुरम के एमपीसीए मैदान पर खेले जा रहे चार दिवसीय मुकाबले में नर्मदापुरम और भोपाल डिवीजन के बीच मैच के दूसरे दिन खेल रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। दूसरे दिन नर्मदापुरम डिवीजन ने अपने पहले दिन के स्कोर 5 विकेट पर 312 रन से आगे खेलते हुए 108.5 ओवरों में 394 रन बनाकर पहली पारी समाप्त की। नर्मदापुरम की ओर से राहुल चन्द्रोल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 115 रन बनाए, जबकि आर्यन देशमुख ने 60 रनों का उपयोगी योगदान दिया। भोपाल डिवीजन की गेंदबाजी में सार्थक सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट हासिल किए और विपक्षी बल्लेबाजी क्रम पर अंकुश लगाया। जवाब में भोपाल डिवीजन ने संयमित और आत्मविश्वास भरी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। दिन का खेल समाप्त होने तक भोपाल डिवीजन ने 61 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 229 रन बना लिए हैं

रोहित-कोहली के लिए कहा, उम्र पैमाना नहीं

# भारत की यह टीम सबसे खतरनाक : धोनी

### ओस से सबसे ज्यादा नफरत

एजेंसी, नई दिल्ली

महेंद्र सिंह धोनी ने टी-20 वर्ल्ड कप से पहले मौजूदा भारतीय टीम की जमकर तारीफ की है, लेकिन साथ ही खिलाड़ियों को बाहरी हालात को लेकर सतर्क रहने की सलाह भी दी है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान ने साफ कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को वर्ल्ड कप खेलना चाहिए, क्योंकि उनके लिए उम्र कभी भी मापदंड नहीं हो सकती। भारत टी-20 वर्ल्ड कप का डिफेंडिंग चैंपियन है और टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से होने जा रही है। इस बीच क्रिकेट कमेंटेटर जतिन सप्रू ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में धोनी एक कार्यक्रम के दौरान कहते नजर आ रहे हैं कि भारतीय टीम इस समय दुनिया की सबसे खतरनाक टीमों में से एक है। उन्होंने कहा, एक मजबूत टीम में जो भी गुण होने चाहिए, वे सभी इस टीम में मौजूद हैं और खासकर इस फॉर्मेट में टीम के पास काफी अनुभव है। उम्र कोई पैमाना नहीं इवेंट के दौरान जब



धोनी से रोहित और विराट की बढ़ती उम्र और 2027 वर्ल्ड कप को लेकर सवाल किया गया तो इस पर धोनी ने कहा, सबसे पहली बात यह है कि कोई भी खिलाड़ी अगले वर्ल्ड कप में क्यों नहीं खेलना चाहेगा। मेरे मुताबिक सिलेक्शन के लिए परफॉर्मेंस और फिटनेस क्राइटेरिया हैं, उम्र नहीं।। धोनी ने आगे कहा कि हमेशा यह भावना रहनी चाहिए कि किसी खिलाड़ी को अलग से कुछ बताने की जरूरत न पड़े और सभी के साथ समान व्यवहार हो।

# अंडर-14 क्रिकेट : उप्र ने राजसिंह डूंगरपुर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा




खेल संवाददाता, इंदौर

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यक्षेत्र राजसिंह डूंगरपुर ट्रॉफी बॉयज अंडर-14 का खिताब उत्तरप्रदेश ने अपने नाम कर लिया। 28 से 30 जनवरी 2026 तक इंदौर के डेली कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए फाइनल मुकाबले में उत्तरप्रदेश ने राजस्थान को पहली पारी की विशाल बढ़त के आधार पर पराजित किया। फाइनल मैच में राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन उसकी पूरी टीम 53.3 ओवर में 218 रन पर सिमट गई। राजस्थान की ओर से पुनीत यादव ने सर्वाधिक 71 रन बनाए। उन्होंने 108 गेंदों की पारी में 14 चौके लगाए। मुकुल कौशिक ने 33 रनों का योगदान देकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उत्तरप्रदेश की गेंदबाजी प्रभावशाली रही। अर्नव ब्लोटिया ने 40 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि मोहम्मद शेरान और सौरभ वर्मा को 2-2 सफलता मिली। पहली पारी में उत्तरप्रदेश ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 134.1 ओवर में 590 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की इस मजबूत पारी की नींव हर्ष सिंह और आयुष्मान यादव ने रखी। हर्ष सिंह ने मैराथन पारी खेलते हुए 264 गेंदों में 28 चौकों की मदद से 188 रन बनाए।

36वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट सीनियर चैंपियनशिप

# तीसरे दिन भारतीय पुलिस का दबदबा, जीते पांच स्वर्ण पदक

खेल संवाददाता, भोपाल

36वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट सीनियर महिला एवं पुरुष चैंपियनशिप के तीसरे दिन भारतीय पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता पर अपना दबदबा बनाए रखा। पांच किलोमीटर की लंबी दूरी की रेस में भारतीय पुलिस की महिला टीम ने चार स्वर्ण पदक जबकि पुरुष टीम ने तीन रजत पदक अपने नाम किए। मेजबान मध्य प्रदेश ने भी एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतकर प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई। राजधानी के छोटे तालाब पर आयोजित तीसरे दिन की प्रमुख स्पर्धा पांच किलोमीटर लंबी रेस रही। महिला वर्ग में चारों स्वर्ण पदक भारतीय पुलिस के खाते में गए। वहीं पुरुष वर्ग में तीन स्वर्ण पदक भारतीय पुलिस ने जीते, जबकि एक स्वर्ण पदक मध्य प्रदेश को मिला। पुरुष वर्ग के के-1 इवेंट में मध्य प्रदेश के वंश शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। एसएससीबी के



एच.ए. सिंह को रजत और भारतीय पुलिस के सोनू साहू को कांस्य पदक मिला। के-2 इवेंट में एसएससीबी ने स्वर्ण, भारतीय पुलिस ने रजत जबकि मध्य प्रदेश के पवन वर्मा और शिवोम यादव की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। सी-1 इवेंट में एसएससीबी के अजीत कुमार ने स्वर्ण, भारतीय पुलिस के गणेश यदु ने रजत और उत्तर प्रदेश के सुधांशु भारतीय ने कांस्य पदक जीता। सी-2 इवेंट में एसएससीबी के अमित कुमार और अखिल की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### आज होगा समापन

मध्य प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के सचिव मयंक ठाकुर ने बताया कि लंबी दूरी की रेस में देशभर के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्ण प्रदर्शन किया। गुरुवार को 200 मीटर, मास्टर्स और मिक्स इवेंट की स्पर्धाएं आयोजित होंगी। शाम छह बजे समापन समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (पुलिस हाउसिंग) अजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे।

### ये रहे मौजूद

आज के मुकाबलों के पदक विजेता खिलाड़ियों को डीआईजी उपेंद्र रावत, पार्षद शिरोमणी शर्मा, पार्षद जीत सिंह राजपूत, विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित जयदेव शर्मा, एमपीकेसीए अध्यक्ष पी.एस. बुंदेला, उपाध्यक्ष रश्मिकला होलानी, विश्वामित्र अवार्डी विनोद मिश्रा, टूर्नामेंट डायरेक्टर अनिल राठी, हिमाचल प्रदेश के सचिव पदम गुलारिया, दीपक कुमार, पी.के. बरोई, महेश विश्वकर्मा और मनोज सक्सेना ने सम्मानित किया।

# धूमधाम से मनाया पोंगल महोत्सव सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

भोपाल (नगर संवाददाता)



तमिल संगम कला केंद्र, जीएम इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल तथा दिल्ली कलाई इलक्किया पेरवई के संयुक्त तत्वावधान में पोंगल पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में तमिल समाज की महिलाओं और बच्चों ने समूह नृत्य, गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। पोंगल तमिलनाडु का प्रमुख चार दिवसीय फसल उत्सव है, जिसे प्रतिवर्ष जनवरी के मध्य में तमिल हिंदुओं द्वारा मनाया जाता है।

यह पर्व सूर्य देव और प्रकृति को समर्पित होता है, जिसमें अच्छी फसल के लिए आभार व्यक्त किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान पोंगल के चारों दिनों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। पहले दिन भोगी पोंगल में घरों की सफाई कर पुराने सामान त्यागने और नएपन का स्वागत करने की परंपरा निभाई जाती है। दूसरे दिन थाई पोंगल, जो मुख्य पर्व होता है, में मिट्टी के बर्तन में दूध, गुड़ और नए चावल से पोंगल बनाकर सूर्य देव को अर्पित किया जाता है। तीसरे दिन माटू पोंगल में कृषि कार्यों में सहायक पशुओं गाय और बैल की पूजा और सेवा की जाती है। चौथे दिन कानूम पोंगल परिवारजनों और रिश्तेदारों से मिलने-जुलने तथा सांस्कृतिक आयोजनों का दिन होता है। इस अवसर पर मणिकंडन स्वामी अपर आयुक्त, जीएसटी विभाग, एस. चंद्रशेखर अध्यक्ष, तमिल संगम, डॉ. शांता अय्यर अध्यक्ष, कला केंद्र, डॉ. सुरेश कुमार जीएम स्कूल, बी. कुमार दिल्ली कलाई इलक्किया पेरवई, नीरज स्वामी अध्यक्ष, मध्यप्रदेश तमिल संगम, के. शंकर एवं सुब्रमण्यम महासचिव, मध्यप्रदेश तमिल संगम सहित हरिकृष्णन, रामदास द्रविड़, कार्तिक स्वामी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चांदी के नंदी पर दूल्हा स्वरूप में विराजेंगी बाबा की रजत प्रतिमा

**बड़वाले महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ**

भोपाल (नगर संवाददाता)

लगभग 200 वर्ष पूर्व बड़ की जटा से प्रकट हुए स्वयंभू बटेश्वर महादेव के प्राचीन बड़वाले महादेव मंदिर से निकाली जाने वाली भव्य शिव बारात की तैयारियों के लिए बैठकों का दौर प्रारंभ हो गया है। मुख्य आयोजन 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर होगा। श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि इस वर्ष भी 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन 9 फरवरी सोमवार को गणेश पूजन के साथ प्रारंभ होगा। 10 फरवरी मंगलवार को ओम नमः शिवाय भजन मंडल द्वारा कीर्तन 11 को बाबा बटेश्वर एवं मां भवानी को हल्दी मेहंदी की रस्म अदा की जाएगी।

12 फरवरी को अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ, 13 फरवरी को अखंड रामायण पाठ का विश्राम, 14 फरवरी को बाबा बटेश्वर का प्रदोष श्रृंगार दर्शन एवं महाआरती तथा 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व पर प्रातः 10 बजे भव्य शिव बारात के नगर भ्रमण के पश्चात रात्रि 11 बजे सोमवारा स्थित भवानी मंदिर पर वरमाला का कार्यक्रम होगा। अर्ध रात्रि में पाणी ग्रहण संस्कार व चार प्रहर अभिषेक किया जाएगा। संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया 21 फरवरी को महिलाओं के द्वारा बधाई बुलव्वा का कार्यक्रम, 22 को छप्पन भोग दर्शन, श्रृंगार एवं महा प्रसादी वितरित की जाएगी। 1 मार्च शिवरात्रि महोत्सव के समापन पर माता पार्वती की विदाई तथा रात्रि 10 बजे शिव प्रदोष होली उत्सव श्रृंगार एवं दर्शन होंगे।

### ढाई क्विंटल चांदी से बने हैं नंदी

मंदिर समिति के प्रमोद नेमा ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य बारात में ढाई क्विंटल वजनी चांदी से बने नंदी पर बाबा बटेश्वर की दूल्हा स्वरूप रजत प्रतिमा विराजित कर चांदी से ही बने हाथों से खींचने वाले रथ पर नगर भ्रमण कराया जाएगा। विवाह की समस्त पौराणिक रस्मो के साथ शिव बारात में शिव महिमा, पर्यावरण संरक्षण, भगवान राम, कृष्ण, इंद्र, कुबेर आदि के आकर्षक रथ शामिल होंगे।

### 51 महिलाओं की टोली होगी मंजीरा पार्टी में शामिल

समिति की अंजली सोनी एवं शिवानी शुक्ला ने बताया कि बारात का विशेष आकर्षण 51युवतियों के द्वारा एक खास ड्रेस कोड में डमरु व मंजीरो के साथ ओम नमः शिवाय का उद्घोष करते हुए चलने वाला दल होगा, जिन्होंने मंदिर परिसर में अभ्यास प्रारंभ कर दिया है।

# बिजली चोरी की सूचना देने वालों को मिलेगा 50 हजार रूपए तक का ईनाम

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर अधिकतम 50 हजार रूपए का ईनाम दिया जाएगा। प्रोत?साहन राशि 10 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रूपए का भुगतान पूर्ण वसूली उपरांत किया जाएगा। कंपनी ने कहा है कि प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचना देने वाले को दी जाने वाली 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि में से योजना के संशोधित प्रावधान के अनुसार 5 प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा तथा बाकि 5 प्रतिशत राशि का भुगतान पूर्ण वसूली उपरांत किया जा रहा है। कंपनी ने बताया कि इस योजना में 01 अप्रैल 2025 से अब तक 167 सफल सूचना देने वालों को 02 लाख 06 हजार हजार रुपये सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराए गए हैं।

# आत्मापरियोजना के कर्मचारियों को मिलेगा संविदा नीति का लाभ

**कार्रवाई के लिये मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने अधिकारियों को भेजी नोटशीट**

भोपाल (नगर संवाददाता)

कृषि विभाग के आत्मा परियोजना के कर्मचारियों को संविदा नीति 2023 का लाभ मिलेगा। कार्रवाई के लिये कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने अधिकारियों को नोटशीट भेजी है। इसके पहले संविदा नीति के अनुसार वेतन समकक्षता का निर्धारण करने की मांग लेकर मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के नेतृत्व में संविदा कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा था। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि योजना में कार्यरत 450 संविदा कर्मचारियो की वेतन समकक्षता का निर्धारण 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति के अनुसार अभी तक लाभ नही मिला है। इस अवसर पर पूरे प्रदेश के कृषि संविदा कर्मचारी एकत्रित हुऐ थे। चर्चा के बाद कृषि मंत्री ने विभाग के प्रमुख सचिव को नॉटशीट भेजी है। जिसमें कार्रवाई के लिये निर्देशित किया गया है। यदि विभाग एक सप्ताह में संविदा नीति के अनुसार कार्यवाई नहीं करता है तो संगठन प्रदेश व्यापी हड़ताल के लिये मजबूर होगा।

### लागू होती नीति को मौत के बाद कर्मचारी के परिजनों मिलता सहारा

कृषि तकनीकी संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ बैजनाथ सिंह यादव ने बताया कि यदि संविदा नीति लागू होती तो दुर्घटना में दिवंगत कर्मचारी के परिजनों को सहारा मिल गया होगा। उन्होंने बताया कि बीते योजना के तहत खरगोन जिले में कार्यरत रविवार को कार्यालय बुलाया गया। इसके पहले की वह पहुंचते सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। चूंकि नीति अभी तक लागू नहीं है। इस कारण उसके परिवार के किसी सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ भी नही मिल पायेगा। जबकि भरण-पोषण का यह बड़ा सहारा थी।

**योग शिविर**



भोपाल। महिला पतंजलि योग समिति भोपाल द्वारा मानस भवन में निशुल्क योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर आयोजित किया गया।

**नकली शराब परिवहन परमिटों एवं अवैध शराब परिवहन का मामला**

# सोम डिस्टलरीज की दोनों इकाईयों के लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित

भोपाल (नगर संवाददाता)

नकली शराब परिवहन परमिटों एवं अवैध शराब के परिवहन करने के मामले में आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने मप्र के रायसेन की चर्चित आसवनी मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड सेहतगंज, जिला रायसेन के डी-1, एफएल-9, सीएस-1 एवं सीएस-1बी तथा मेसर्स सोम डिस्टलरीज एण्ड ब्रेवरीज लिमिटेड, रोजराचक, जिला रायसेन के एफएल-9, एफएल-9-ए ऑफ बी 3 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

नकली परमिट, कूटरचित दस्तावेज और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश देपालपुर ने कंपनी सहित विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को भी दोषी माना था। न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि आरोपियों ने मिलकर शराब परिवहन के कूटरचित परमिट व बिल्टी तैयार की।

फर्जी परमिट को असली बताकर उपयोग किया। शासन को राजस्व हानि और कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाया। न्यायालय ने मेसर्स सोम डिस्टलरीज समूह के प्रतिनिधियों, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं और निदेशक सहित कई आरोपियों को कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया था। हालांकि उच्च न्यायालय, इंदौर ने सत्र न्यायालय ने सजा पर रोक लगा दी थी। लेकिन लायसेंस पर रोक नहीं लगाई थी।

### आबकारी आयुक्त ने स्वयं की कार्रवाई की पहल



प्रकरण में पारित आदेशों में आरोपियों द्वारा उच्च न्यायालय, इंदौर के समक्ष प्रस्तुत दो प्रकरणों में दोनों इकाईयों के पक्ष में स्वीकृत लायसेंस के निलंबन की कार्रवाई की जा सकती है अथवा नहीं, इस संबंध में आबकारी आयुक्त ने पहले अतिरिक्त महाधिवक्ता ग्वालियर को पत्र लिखकर अभिमत मांगा, लेकिन अभिमत नहीं मिल सका। इसके बाद 25 जुलाई 2024 को अतिरिक्त महाधिवक्ता, उच्च न्यायालय जबलपुर को पत्र लिखकर अभिमत मांगा। इसके बाद तीन और पत्र भी लिखे थे। लेकिन अभिमत 24 दिसम्बर 2025 को महाधिवक्ता, उच्च न्यायालय जबलपुर से मिला। सोम की दोनों इकाईयों पर निलंबन की कार्रवाई किए जाने के पक्ष में अभिमत मिल सका। महाधिवक्ता के अभिमत तथा इकाईयों द्वारा प्रस्तुत जवाब के बाद उच्च न्यायालय द्वारा पारित दो आदेशों की आद्यतन स्थिति जानने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि उच्च न्यायालय ने आरोपियों को सजा पर रोक लगाई। इन आदेशों में सोम की दोनों इकाईयों के पक्ष में स्वीकृत लायसेंस पर किसी प्रकार की रोक लगाए जाने का उल्लेख नहीं था। इसलिए आबकारी आयुक्त ने दोनों इकाईयों के सभी लायसेंस निलंबित कर दिए।

### विभागीय अमले पर हो चुकी है सख्त कार्रवाई

नकली शराब परिवहन परमिटों एवं अवैध शराब के परिवहन मामले में अपर सत्र न्यायाधीश, देवालपुर के निर्णय दिनांक 23 दिसम्बर 2023 के बाद दोषी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। इनमें आबकारी उप निरीक्षक प्रीति गायकवाड़ को 25 सितम्बर 2025 को सेवा से पदच्युत किया जा चुका है। जबकि सेवानिवृत्त हो चुके अन्य सभी अधिकारियों-कर्मचारियों मदन सिंह पवांर, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, कैलाश चन्द्र बंगाली, जिला आबकारी अधिकारी एवं रामप्रसाद मिश्रा, आबकारी उप निरीक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है।

### आरोपियों ने इस तरह की थी गड़बड़ी

आरोपियों ने मिलकर परमिट क्र. 10363, ट्रक क्र. एमपी09 एचएफ 5185 की बिल्टी और अनेक परमिट बुक कूटरचित करने का अवैध काम, अवैध साधनों से करने के लिए अपराधिक षड्यंत्र बनाकर कूटरचित परमिट से छल करने के उद्देश्य से कूटरचना की। कूटरचित दस्तावेज को असली के रूप में उपयोग किया गया, जिसमें आरोपी मदन सिंह ने 5 फर्जी परमिट बुक, विरेन्द्र भारद्वाज ने 272, रामप्रसाद मिश्रा ने 25, प्रीति गायकवाड़ ने 279, संजय गोहे ने 282, कैलाश बंगाली ने 29, मोहन सिंह तोमर ने 676, उमाशंकर ने 75 और दिनकर सिंह ने 65 फर्जी परमिट तैयार किए। आरोपियों ने शासन को नुकसान और मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड को गलत तरीके से लाभ पहुंचाने के लिए यह कूटरचना की। परमिट और बिल्टी से मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड, रोजराचक से दीव को परिवहन किया।

**सायबर जालसाजों की नई तकनीक ने भारत की जांच एजेंसियों को परेशानी में डाला**

# भारत से फर्जीवाड़ा करके दुबई पहुंचा रहें रकम

### शेयर बाजार में निवेश के आड़ में फर्जीवाड़ा करने वाला तेरहवां आरोपी गिरफ्तार

भोपाल (नगर संवाददाता)

भारत में बड़े पैमाने पर सायबर फ्रॉड किया जा रहा है। इसमें सर्वाधिक शेयर बाजार में निवेश की तकनीक को अपनाया जा रहा है। ऐसा करके जालसाज जिन पीड़ितों को रकम ऐंठने का काम कर रहे हैं वह पैसा दुबई में पहुंचा रहे हैं। जिन्हें दुबई के एटीएम से निकाला जाता है। ऐसा करने वाला गिरोह से जुड़ा तेरहवां आरोपी भोपाल क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा है। पुलिस को अभी इस मामले में कई अन्य आरोपियों की तलाश है।

जानकारी के अनुसार आरोपी को केरल के कालीकट एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। वह विमानतल से दुबई भागने की फिराक में था। लेकिन, उसके संबंध में रेड कॉर्नर नोटिस जारी था। आरोपी ने सायबर फ्रॉड में ट्रांसफर हुई राशि को दुबई के एटीएम से निकाला था। आरोपी निजामुद्दीन पिता के. हुसैनार उम्र 38 साल है। वह केरल के कासरगोड जिले का रहने वाला है।

आरोपी बारहवीं पास है। निजामुद्दीन फर्जी खाते खरीदने के बाद दुबई में बेचने का काम करता था। इससे पहले कोहेफिजा निवासी मोहम्मद जैनुल की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज किया था। उन्हें शेयर बाजार में निवेश करने की आड़ में नौ लाख 35 हजार रुपए ऐंठ लिए थे। जालसाज करन बिरला ने व्हाट्स एप के जरिए सोलर कंपनी में निवेश कराने के नाम पर यह फर्जीवाड़ा किया था।

### इन आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर चुकी पुलिस





सायबर क्राइम ने इससे पहले एक दर्जन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। इसमें महाराष्ट्र के जलगांव निवासी अनिकेत दत्तात्रेय, ऋषिकेश प्रवीण बाविस्कर, अकाश चनाडे, महाराष्ट्र के भुसावल निवासी राकेश जाधव, केरल के कोझिकोड निवासी रियाज, रसल, सचु पिता वासु, मोहम्मद मुबाशिर, केरल के मलप्पुरम निवासी मोहम्मद नबील, शमशाद पी., आशिक सजीर और केरल के कोझिकोड निवासी मोहम्मद दानिश को गिरफ्तार किया गया था। अनिकेत दत्तात्रेय आईटीआई पास है और वह खाते खुलवाने के बाद बेचने का काम करता था। ऋषिकेश प्रवीण बाविस्कर भी आईटीआई पास है और वह आकाश चनाडे को पैसे लेकर खाता बेचने का काम करता था। अधिकांश आरोपी कमीशन लेकर खाता बेचने का काम सायबर जालसाज गिरोह को कर रहे थे।

**प्रागैतिहासिक धरोहर सहेजने पर्यटन विकास बोर्ड खर्च करेगा 19 करोड़ रुपए**

# रॉक आर्ट इको पार्क म्यूजियम में संरक्षित होंगे भीमबैठका के शैलचित्र

भोपाल (नगर संवाददाता)





विश्वप्रसिद्ध भीमबैठका के शैलचित्र अब रॉक आर्ट इको पार्क म्यूजियम में संरक्षित होंगे। इस प्रागैतिहासिक धरोहर को सहेजने पर्यटन विकास बोर्ड 19 करोड़ रूपये खर्च करने की तैयारी में है। इस अनूठे संग्रहालय का निर्माण 1.12 हेक्टेयर क्षेत्र में भीमबैठका परिक्षेत्र में किया जाएगा।

दरअसल भीमबेटका में शैलचित्रों के कई संकुल करीब 10 किलोमीटर के दायरे में फैले हुए हैं। सात पहाड़ियों पर स्थित यहां 750 से अधिक शैलाश्रय मौजूद हैं। नए रॉक आर्ट इको पार्क म्यूजियम में दूरस्थ और दुर्गम जंगल क्षेत्रों में स्थित क्लस्टरों- जैसे जावरा, विनयका, भोंरावली और लाखा जुआर-के दुर्लभ और कम देखे गए शैलचित्रों की हूबहू प्रतिकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। इन स्थानीय शैलचित्र बल्कि देशभर में पाए गए चुनिंदा शैलचित्रों को भी संपूर्ण जानकारी के साथ एक ही स्थान पर देखा जा सकेगा।

**डीपीआर पर चल रहा काम** -वैश्विक स्तर पर और सशक्त पहचान दिलाने के उद्देश्य से इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। संग्रहालय का निर्माण वर्ष 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। डिजिटल माध्यम से इतिहास को जीवंत करने के इस कवायद पर करीब 19 करोड़ रूपये खर्च होने का अनुमान है। इसके लिये भूमि भी चिंहित की जा रही है।

### अस्थायी ढांचे में मिलेगा प्रागैतिहासिक अनुभव

पर्यटन बोर्ड के योजना निदेशक प्रशांत बघेल के मुताबिक इस संग्राहलय का निर्माण पारंपरिक भवन या कंक्रीट संरचना के बजाय अस्थायी और पर्यावरण अनुकूल सामग्री से ऐसा इको पार्क विकसित किया जाएगा, जो भीमबेटका के मूल प्राकृतिक परिवेश से मेल खाएगा। जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को गुफाओं और शैलाश्रयों जैसा वास्तविक और जीवंत अनुभव मिल सके।

# रानी कमलापति-दानापुर मध्य चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

भोपाल (नगर संवाददाता)

रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन रानी कमलापति-दानापुर के मध्य 02-02 ट्रिप द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन शुक्रवार दिनांक 27 फरवरी एवं सोमवार दिनांक 02 मार्च को दोपहर 14:25 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँचेगी।

गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन शनिवार 28 फरवरी एवं मंगल वार द 03 मार्च को सुबह 11:15 बजे दानापुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुँचेगी। ठहराव :- नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि होली त्यौहार के मद्देनजर यात्री भार को कम करने के उद्देश्य से स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक **अभिषेक जोशी** द्वारा लक्की ऑफसेट 267 प्रगति नगर शहंशाह गार्डन भोपाल (म.प्र.) मुद्रित एवं म.नं. ई-100/22 शिवाजी नगर भोपाल मध्यप्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक : **अभिषेक जोशी** (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।)